डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 नवंबर 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7



## सेंसेक्स ने लगाई छलांग

# अडानी के शेयर आज भी लाल मगर ग्रीन हुआ शेयर बाजार

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर फिसलने के बाद आज शुक्रवार को बढ़त के साथ खुले। अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी से जुड़ा नया विवाद सामने आने और अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती का संकेत देने वाले आंकड़ों के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 600 अंक चढ़कर कारोबार करता दिखा। निफ्टी 156 अंक बढ़ा। मगर अदाणी समूह के शेयर शुक्रवार को भी दबाव में रहे, जो 8त्न तक गिरकर खुले। अदाणी पोर्ट्स और एक्सिस बैंक में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी में बढ़त दर्ज की गई। इससे पहले बीते कारोबारी दिन शेयर बाजार में भगदड़ का माहौल था। दिनभर गिरावट में कारोबार करने के बाद सेंसेक्स 422 अंक की गिरावट लेकर बंद हुआ था, तो वहीं निफ्टी भी 171 अंक फिसलकर क्लोज हुआ था। अडानी ग्रुप पर अमेरिकी में मामला दर्ज होने की खबर के बाद उसके मार्केट कैप में 2.5 लाख करोड़ रुपये की कमी आई थी। अमेरिकी अभियोजकों ने अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी पर कथित रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

हालांकि समूह ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। इस बीच, केन्या ने गुरुवार को अदाणी समूह के साथ अपनी करीब 2 बिलियन डॉलर की खरीद प्रक्रिया को रद्द कर दिया। इस समझौते के जरिए जिससे देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण अदाणी समूह को सौंपे जाने की उम्मीद थी।

## झारखंड-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजें कल, सियासी सरगर्मी बढ़ी

# विधायकों की बाडेबंदी की तैयारी रिसार्ट पॉलिटिक्स के बढ़े आसार

**नई दिल्ली/भोपाल.एजेंसी**

महाराष्ट्र व झारखंड में कल विधानसभा चुनावों के परिणाम आने वाले हैं। इसके अलावा उप्र समेत अन्य राज्यों में विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी आयेंगे। मप्र के बुधनी और विजयपुर के नतीजे भी कल आने वाले हैं। इसके पहले सियासी सरगर्मी भी है। महाराष्ट्र में जोरदार टक्कर की संभावना देखते हुए महायुति और महाविकास अघाड़ी गठबंधन अपने जमावट में लगे हैं। हालांकि दोनों अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इससे पहले विधायकों की खरीद-फरोख्त के डर से रिसॉर्ट पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। शिवसेना ( उद्धव ठाकरे ) सांसद संजय राउत ने आज कहा कि हमारे विधायकों पर दबाव होगा इसलिए हम उन्हें होटल में रखेंगे। हालांकि हम बहुमत लाएंगे। राऊत ने कहा कि महाराष्ट्र बड़ा राज्य है जब विधायक मुंबई आएंगे तो उनके रहने की कोई जगह नहीं है, उन पर महायुति का दबाव



भी होगा तथा खोखे वालों का प्रेशर भी होगा इसलिए सभी को होटल में एक जगह रखेंगे। राउत ने महाराष्ट्र में 160 सीटें मिलने की उम्मीद जताई।

### सी वोटर का आंकलन भी आया

इधर, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिये मतगणना से पहले अब सी-वोटर की ओर से एग्जिट पोल जारी कर दिया गया है। सी-वोटर के एग्जिट पोल में महाविकास अघाड़ी महायुति के खिलाफ बढ़त बनाते हुए नजर आ रही है।

### मप्र मे दांव पर भाजपा कांग्रेस की साख



इधर, मप्र में विजयपुर व बुधनी में भाजपा की साख और कांग्रेस की ताकत दांव पर लगी है। दोनों क्षेत्रों में भाजपा को विजयपुर की चिंता ज्यादा है। क्योंकि चुनाव के पहले और बाद यहां काफी हंगामा भी हो चुका है। यहां सरकार के काबीना मंत्री रामनिवास रावत मैदान में है। जबकि बुधनी में मुफीद समीकरणों के साथ कांग्रेस के राजकुमार पटेल चुनाव में उतरे हैं लेकिन भाजपा दिग्गज शिवराज सिंह चौहान का क्षेत्र व जमावट होने की वजह से लोगों की नतीजों पर निगाह है।

# मुख्यमंत्री यादव लेंगे मैदानी अफसरों की क्लास

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** सीएम मोहन यादव ने आज शाम सभी कलेक्टर-कमिश्नर से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री ने यह वीडियो कांफ्रेस राज्य में कानून व्यवस्था सहित जिला प्रशासन के कामकाजा की समीक्षा के लिये बुलाई है। इसमें सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी व कमिश्नर आई भी शामिल रहेंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री यादव ने अपने दौरों और अन्य फीडबैक के आधार पर यह बैठक बुलाई है। हाल में कुछ जिलों में प्रशसनिक व पुलिस के अफसरों के तबादले भी हुए हैं और माना जा रहा है कि प्रशासनिक सर्जरी का दूसरा दौर भी करीब है। ऐसे में सीएम की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बीते कुछ दिनों तक सीएम यादव राज्य के अलावा महाराष्ट्र, व झारखंड में चुनावी दौरे पर भी रहे हैं। अब आने वाले समय में प्रशासन व सुशासन पर उनकी सीधी निगाह रहेगी। सूत्रों का कहना है कि सरकार अपने कामकाज व कुछ नयी योजनाओं का दूसरा दौर शुरू करने जा रही है।

**कांग्रेस की बैठक का दूसरा दौर भी:** इधर, मप्र कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन आज नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह मुखातिब हैं। आज नये पदाधिकारियों को उनके दायित्व भी सौंपे जाने की संभावना है। बताया जाता है कि पदाधिकारियों को जिले व संभाग के भी काम सौंपे जायेंगे।



**नागपुर पहुंचे मुख्यमंत्री:** सीएम यादव आज सुबह महाराष्ट्र के नागपुर दौरे पर निकले हैं। जहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंने के बाद दोपहर 3 बजे तक राजधानी भोपाल वापस लौटेंगे। इसके बाद ही 5 बजे कलेक्टर कमिश्नर की वर्चुअली बैठक करेंगे।

# कनाडा के तेवर ठंडेः पीएम मोदी और जयशंकर के खिलाफ कोई सबूत नहीं

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की मौत के बात लगातार तनाव के बीच आज कनाडा ने एक अहम बयान जारी किया है। कनाडा ने माना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को कनाडा में किसी भी ÷गंभीर आपराधिक गतिविधि÷ से जोड़ने का उनके पास कोई सबूत नहीं है। कनाडा ने कहा कि 14 अक्तूबर को कनाडा में सुरक्षा



खतरे के मद्देनजर रॉयल कनाडाई माउंटेड पुलिस और अधिकारियों ने भारतीय एजेंटों द्वारा कथित रूप से कनाडा में किए गए अपराधों के आरोपों को सार्वजनिक किया। लेकिन कनाडा सरकार ने यह कभी नहीं कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मंत्री जयशंकर या एनएसए डोभाल इन अपराधों में शामिल हैं।

## आज का कार्टून




– साभार : माधव जोशी

# पर्थ में डेढ़ सौ पर ढेर हुई टीम इंडिया

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले की पहली पारी में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मुकाबले से टेस्ट डेब्यू कर रहे नीतीश रेड्?डी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 78 बॉल पर 37 रन बनाए। केएल राहुल ने 74 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया।इससे पहले आज सुबह टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया, लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 73 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे।

# मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान की आशंका जताई

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आज बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक नए कम दबाव क्षेत्र के गठन का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 23 नवंबर के आसपास इस क्षेत्र में एक चक्रवाती तूफान आने की संभावना है, जिससे तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक यह चक्रवात पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की दिशा में बढ़ेगा। अगले दो दिनों में इसके असर से दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कई क्षेत्रों में मौसम प्रभावित हो सकता है। विभाग ने लक्षद्वीप और 25 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में हल्की से मध्यम बारिश की बात कही है। उधश्र दिल्ली में आज कुछ धूप निकली है लेकिन प्रदूषण स्तर कम नहीं हो रहा है।

## यूक्रेन पर किया था हमला

# पुतिन ने कहा- हां, हाइपरसोनिक मिसाइल की टेस्टिंग कर रहे थे...

**मास्को. एजेंसी**

यूक्रेन में एक दिन पहले अलसुबह रूस ने जो मिसाइल हमला किया, उसमें आईसीबीएम यानि इंटरकॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल नहीं थीं। आज इस बात का खुलासा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद अपनी स्पीच में किया। उन्होंने कहा कि हमने एक नई मिसाइल से हमला किया है। पेंटागन ने भी इस बात की पुष्टि की। ये नई मिसाइल एक हाइपरसोनिक इंटरमीडियट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल ओरेश्निक है। इसकी गति 12,300 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसमें पारंपरिक और न्यूक्लियर दोनों हथियार लगाए जा सकते हैं। इसकी गति इसे आसानी से इंटरसेप्ट करने नहीं देती।



इसी मिसाइल के जरिए रूस ने यूक्रेन ने दि्नप्रो की पीए पिवदेनमाश फैसिलिटी पर हमला किया गया है। रूस ने ये जवाबी हमला तब किया जब यूक्रेन लगातार अमेरिका और ब्रिटेन-फ्रांस से मिले स्टॉर्म शैडो मिसाइलों से हमला किया था। अगर यह मिसाइल रूस से दागी जाती है तो इंग्लैंड पहुंचने में इसे 19 मिनट, बेल्जियम पहुंचने में 14 मिनट, जर्मनी पहुंचने में 11 मिनट और पोलैंड पहुंचने में मात्र 8 मिनट लगेंगे। एक बात और सामने आ रही है कि रूस ने इस मिसाइल की तकनीक को सोवियत समय के पायोनियर मिसाइल सिस्टम जैसा रखा है. जिसे अमेरिका और सोवियत संघ में खत्म कर दिया गया था।

# संघर्ष को तैयार, हुनरमंद सारथियों की दरकार

किसी चलती गाड़ी को दौड़ाना और रुकी हुई गाड़ी को आगे सरकाने में बहुत अंतर होता है। रुकी हुई गाड़ी के सामने जब 'बड़े रोडे' हों और सामने चढ़ाई, तो यह काम मुश्किल हो जाता है। कुछ यही स्थिति मप्र कांग्रेस की है और यही संघर्ष जीतू पटवारी के हिस्से में है, इसलिए कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में वे संघर्ष की बात करते हुए भावुक हो गए। हालांकि जीतू ने खुद भी इसे ज्यादा संघर्षपूर्ण बनाया है। उन्होंने स्टेयरिंग संभालते ही गाड़ी की सर्विसिंग नहीं की। 'गैराज' के चंद पुराने गाड़ीसाज पर भरोसा किया और ग्यारह महीने इसी इंतजार में निकाल दिए कि गाडी दौड़ने लगेगी। अब पटवारी की गाड़ी में 'पुरानी सवारियों' ने चढ़ने से परोक्ष इंकार ही किया तो सफर भले ही शुरू हो गया, लेकिन रफ्तार नहीं मिली।



नजरिया
आशीष दुबे

वैसे तो, मप्र में कांग्रेस की पिछले 21 साल की यात्रा ही हिचकोले भरी है। कुल मिलाकर पटवारी कुछ अपने और कुछ हाइकमान के प्रयोगों के बीच भी संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। यद्यपि तकरीबन डेढ़ दशक बाद कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का जोखिम उन्होंने लिया, ऐसा करने वाले वे 'साहसी अध्यक्ष' भी कहलाएंगे। मगर साहस को जिस समर्थन की जरूरत होती है उसे पाना उनके कौशल पर निर्भर करेगा। क्योंकि उनके सामने अभी लंबी व बियाबान राह है। सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा कार्यकारिणी की बैठक से दूरी रखना पटवारी के लिये खतरे का संकेत हैं, क्योंकि मप्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता अभी भी बड़े नेताओं से ही गुंथे हैं। वहीं युवा प्रयोग के तहत पटवारी के साथ आए उमंग सिंघार की गैरमौजूदगी भी गौरतलब है।

दरअसल, हाइकमान विधानसभा चनाव की करारी हार से नाराज है, इसलिए उम्र ( 60 वर्ष ) का अघोषित क्राइटेरिया






बनाकर सभी वरिष्ठों को पवेलियन में बैठाया गया। यही प्रयोग दस बारह साल पहले तब के 'नए हाइकमान' ने एआईसीसी में कुछ ज्यादा बेरूखी से किया था। नतीजा तब भी ठीक नहीं आया, उसमें दलबदल व पलायन जुड़ने लगे। बाद में हाइकमान का माइंडसेट बदला और फिर सूबों से केंद्र तक नतीजे थोड़ा बदले। फिर हाइकमान के कारवां में युवाओं के साथ पुराने चेहरे भी जुडे तो नतीजे और निखरने लगे। मप्र में पटवारी और हाइकमान को आहिस्ता आहिस्ता ही बदलाव की राह पकड़नी होगी। रातोंरात परिवर्तन से 'वांछित परिवर्तन' फिलहाल कठिन है।

खास बात यह कि कांग्रेस की संरचना ही क्षत्रपों व इलाकेदारों से 'आच्छादित' है, इसीलिए पार्टी काफी समय तक इनको संतुलित करके ही पावर में रही है। यानि राज्यों में 70 फीसद तक क्षत्रपों का कोटा चला करता था, शेष दस फीसद निर्गुट और बाकी हाइकमान के चहेते होते थे। अब केंद्रीय पसंद के चलते यह पिरामिड उल्टा हो गया है। पीढ़ी परिवर्तन व प्रयोगों की चपेट में मप्र कांग्रेस नजर आती है। बावजूद पटवारी ने जो सफर शुरू किया है वह मंडलम से मोहल्लों तक का है और असरदार भी हो सकता है। भाजपा जैसी चुनावी मशीनरी से लड़ने के लिए अपने संघर्ष-रथ में उन्हें अनुभवी व हुनरमंद सारथियों और युवा सैनिकों का साथ मिले तो सफर अपेक्षाकृत आसान भी हो सकता है।

# सुरक्षाबलों की नक्सलियों से भीषण मुठभेड़, 10 मारे गए

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे जाने की जानकारी मिली है। सुरक्षाबलों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों के साथ आज सुबह में जवानों के साथ मुठभेड़ हुई थी। जवानों को सुचना मिली थी कि कई नक्सली ओडीशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। डीआरजी की टीम नक्सलियों की घेराबंदी करने निकली थी। दोनों तरफ से सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई है। साथ ही कई ऑटौमैटिक हथियार भी मिले हैं।ये मुठभेड़ कोराजुगुड़ा, दंतेसपुरम, नागाराम, भंडारपदर के जंगल-पहाड़ी में हुई है।




## राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता एवं संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यभर से आये जिला विजेता विद्यार्थी अपने 100 से अधिक मॉडल और व्यवसायिक दक्षताएं प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदर्शनी का समापन और पुरुस्कार वितरण समारोह आज होगा।

# निगम परिषद की बैठक नहीं होने से कांग्रेस पार्षद बिफरे

## संभागायुक्त से करेंगे शिकायत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस के पार्षद करीब दो महीने से भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक नहीं होने से नाराज हैं। वे लगातार बैठक बुलाने की मांग कर रहे हैं। अब नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखा है और इन हालातों की जानकारी दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि आज तक जितनी भी परिषद बैठकें हुई हैं उनमें जनता के मुद्दे व विकास कार्य को शामिल नहीं किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस पार्षद दल ने निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी को भी पत्र लिखा था और बैठक बुलाने की मांग की थी। जकी ने कहा कि बैठक नहीं होने से जनता के कई मुद्दे अटक गये हैं और इन पर चर्चा नहीं होने से एकतरफा फैसले के आसार बढ गये हैं। अब संभाग आयुक्त से मिलकर इस बो में अवगत कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि बैठक नहीं बुलाई गई थो कांग्रेस पार्षद खुद बैठक करके निगम अध्यक्ष महापौर व शासन का ध्यान आकृष्ट कराएंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान ने भी पत्र लिखकर बैठक बुलाने की मांग की थी।

# 'हुजूर' में एक और उपलब्धि, प्रदेश की पहली हाइटेक गौशाला बनेगी



### - बरखेड़ी डोब गांव 23 नवंबर को भूमिपूजन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे भूमिपूजन

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल की पहली सबसे लंबी सिक्स-लेन सड़क और संतनगर में बनने वाले प्रदेश के पहले डबल डेकर ऐलिवेटेड कॉरिडोर के बाद अब हुजूर विधानसभा क्षेत्र में एक और सौगात जुड़ने वाली है। हुजूर के बरखेड़ी डोब गांव में 25 एकड़ क्षेत्र में प्रदेश की पहली हाई-टेक गौशाला बनने जा रही है। इसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 23 नवंबर को सुबह 10.30 बजे करेंगे।

मुख्यमंत्री के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, पुलिस अधीक्षक प्रमोद सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता भी साथ रहे।

मुखिया का संकल्प हमारा आधार

निरीक्षण को पहुँचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि गौमाता का संरक्षण और संवर्धन हमारे मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। प्रदेश भर में गौशालाओं के निर्माण के साथ ही गायों के आहार और सुविधा के बंदोबस्त के लिए भी प्रबंध कराते हैं। हुजूर में इस अत्याधुनिक गौशाला का निर्माण मेरे भी पुण्यों का उदय है। जिस प्रकार मुख्यमंत्री सदैव गौसेवा के लिए संकल्पित रहते हैं। उसी तरह अपने मुखिया का संकल्प हमारी गौसेवा का आधार बनेगा।

### ये होंगी गौशाला की विशेषताएं

- यह गौशाला 10 हजार गायों की क्षमता वाली अत्याधुनिक गौ-शाला होगी।
- 15 करोड़ की लागत से लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जाएगी।
- सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से गायों की 24×7 मॉनिटरिंग की जाएगी।
- गायों को भूसा, हरा घास, पशु आहार आदि कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।
- गोबर एवं गौमूत्र से विभिन्न सामग्री तैयार की जाएगी।
- जैविक खाद निर्माण के लिए संयंत्र भी लगाया जाएगा।
- गायों के उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का निर्माण किया जाएगा।

# अगले महीने भोपाल से बेंगलुरू व हैदराबाद की नई उड़ानें शुरू होंगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी का दक्षिण भारत के साथ हवाई कनेक्शन अब पहले से अधिक मजबूत होने वाला है। गा। एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भोपाल से हैदराबाद एवं बेंगलुरु उड़ान शुरू करने की तैयारी कर ली है जल्द ही बुकिंग शुरू हो जाएगी। यह नई उड़ानें 15 दिसंबर से संभावित हैं। इस रूट पर अभी तक इंडिगो की उड़ानें संचालित हैं। अतिरिक्त उड़ानें शुरू होने से यात्रियों को कम किराये में सीट मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पहले से भी भोपाल का दक्षिण भारत से हवाई कनेक्शन लंबे समय से है, लेकिन उड़ानों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को लो-फेयर का लाभ नहीं मिल पाता। हैदराबाद उड़ान में स्पाट फेयर 10 से 12 हजार रुपये तक है। बेंगलुरु तक दो उड़ाने होने के बावजूद स्पाट फेयर 10 से 12 हजार एवं अग्रिम बुकिंग किराया छह से आठ हजार रुपये तक है। उड़ानों की संख्या बढ़ने से एयरलाइंस में प्रतिस्पर्धा होगी और यात्रियों को कम किराये का लाभ मिल सकता है। भोपाल से सबसे अधिक उड़ानें दिल्ली की हैं। इस रूट पर इंडिगो तीन एवं एयर इंडिया की दो नियमित उड़ानें हैं। एक साप्ताहिक उड़ान है। यही कारण है कि तीन से चार हजार रुपये में सीट मिल जाती है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने विंटर सीजन के लिए हैदराबाद एवं बेंगलुरु के अलावा दिल्ली एवं मुंबई के लिए स्लॉट लिया था। कंपनी इसकी शुरुआत हैदराबाद एवं बेंगलुरु उड़ान के साथ कर रही है। कंपनी ने एयरपोर्ट पर कार्यालय खोलने के लिए अनुमति शुल्क भी जमा कर दिया है। माना जा रहा है कि इस माह के अंत तक दोनों शहरों की बुकिंग शुरू होगी। कंपनी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को 15 दिसंबर से फ्लाइट ऑपरेशन शुरू करने की जानकारी दी है। बताया जाता है कि फ्लायबिग की रीवा उड़ान की बुकिंग भी जल्द शुरू होने की उमीद है। कंपनी ने पहले 15 नवंबर से बुकिंग शुरू की थी। बाद में बुकिंग रोक दी गई। इंडिगो की प्रस्तावित कोलकाता उड़ान की बुकिंग अभी शुरु नहीं हुई है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने स्पेस के लिए शुल्क जमा करा दिया है। शुरुआत हैदराबाद एवं बेंगलुरु उड़ान के साथ होगी। अगले साल दिल्ली एवं मुंबई की उड़ानें भी शुरू हो सकती है।

## कम किराए पर मिल सकेगी सीटें



# एक लाख यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड बनाया श्रीगोपाल कृष्ण सेवा समिति ने

## वर्ष 2000 से मानव सेवा का संकल्प कर रही पूरा

**हिरदाराम नगर.** जयपुर की सामाजिक संस्था श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति ने 24 साल में एक लाख यूनिट रक्त मरीजों तक पहुंचाकर जिंदगियां बचाई है। समिति की स्थापना संत हिरदारामजी के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर की गई थी। समिति के कार्यों में संतनगर की सेवाभावी संस्था जीव सेवा संस्थान सहयोगी है। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि श्रीगोपाल कृष्ण सेवा समिति वर्ष 2000 से सक्रिय है, समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रही है और अब तक एक लाख यूनिट रक्त संग्रहकर चुकी है। इस रक्तदान अभियान से लाखों जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिला है। संतजी की शिक्षाओं पर चलते हुए, जीव सेवा संस्थान पिछले कई वर्षों से श्री गोपालकृष्ण सेवा समिति को आर्थिक सहायता प्रदान करता रहा है। समिति द्वारा एक चलित एंबुलेंस वर्ष 2016 में खरीदी गई थी जिसके लिये जीव सेवा संस्थान ने भी पर्याप्त आर्थिक सहयोग दिया था। दयारामानी ने बताया कि संस्थान द्वारा समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पोषण जैसे अनेक क्षेत्रों में पिछले कई दशकों से सेवा कार्य कर रहा है जिससे अब तक 45 लाख से अधिक लोग इन कार्यों से लाभान्वित हो चुके हैं। संस्थान द्वारा शासकीय व अशासकीय समाज सेवा कार्यों में बिना किसी भेदभाव के हर संभव सहयोग किया जाता है। श्री गोपालकृष्ण सेवा समिति के साथ संस्थान की यह साझेदारी समाज सेवा में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है।

**मेट्रो एंकर**

## तीन दिवसीय 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का समापन

# भोले भाव से रिझता है परमात्मा: माता सुदीक्षा

### भोपाल-बैरागढ़ सहित जोन 24 ए के सैकड़ों निरंकारी लौटे

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का समापन समालखा (हरियाणा) में हुआ, जिसमें देश-विदेश से निरंकारी मिशन जुड़े लोग शामिल हुए। माता सुदीक्षाजी ने सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की राह दिखाई। समागम से लौटे निरंकारी अनुयायियों ने बताया कि माता सुदीक्षाजी ने कहा कि परमात्मा असीम है और इससे जुड़ने वाला हर पहलू असीम होता चला जाता है। ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानने के उपरांत जब हम इससे जुड़ते हैं तो जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक विस्तार होता चला जाता है। उन्होंने बताया कि समाज में जाति, जीवनशैली, और निवास स्थान जैसे मुद्दों को लेकर भेदभाव होता है। जबकि ब्रह्मज्ञानी संत समदृष्टि के भाव से इन संकीर्णताओं से ऊपर उठकर जीवन जीते हैं। माता जी ने भक्ति में भोले भाव की महत्ता बताते हुए कहा कि परमात्मा भोले भाव से रिझता है। चेतन और सजग रहते हुए भक्त भ्रम और भ्रांतियों से प्रभावित नहीं होते। उन्होंने श्रद्धालुओं से समागम में ग्रहण की गई शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।




**मानवता की सेवा का पाठ:** निरंकारी राजपिता रमितजी ने कहा कि समागम में भाग लेना संतों और श्रद्धालुओं के लिए अनोखा अवसर है। यह समागम जीवन को गहराई और विस्तार प्रदान करता है। सद्गुरु की कृपा और शिक्षाओं ने मानव अस्तित्व को असीम और गौरवशाली बना दिया है। सच्चा स्वार्थ अपने अस्तित्व को पहचानने में है। सतगुरु सिखाते हैं कि जीवन का अर्थ समझने के लिए हमें अपने स्वार्थ से परे जाकर मानवता की सेवा करनी है।

**सेवादल ने निकाली रैली:** संत समागम में सेवादल ने रैली निकाली, जिसमें देश एवं दूर-देशों से आए हुए सेवादल के भाई एवं बहनों ने भाग लिया और मिशन की शिक्षाओं एवं आध्यात्मिकता पर आधारित लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर शारीरिक व्यायाम, खेलों एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति द्वारा प्रमुखता से निःस्वार्थ सेवा भाव को अभिव्यक्त किया गया।

**बहुभाषी कवि दरबार:** निरंकारी संत समागम में बहुभाषी कवि दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश के 19 कवियों हिंदी, पंजाबी, मुल्तानी, हरियाणवी और अंग्रेजी भाषाओं में कविता प्रस्तुत कीं। इसके अलावा बाल दरबार और महिला कवि दरबार भी समागम हुए, जिसमें बाल कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

**सारा संसार एक परिवार:** समागम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए चार मैदानों में लंगर सेवा की व्यवस्था की गई, जिसमें एक साथ 20 हजार संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिव्यांग और वयोवृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। लंगर के माध्यम से सारा संसार एक परिवार जैसा नजारा दिखाई दिया। समागम समिति के समन्वयक जोगिंदर सुखीजा ने संगत की ओर से आभार प्रकट किया।

**रहमतें प्राप्त कर वापस लौटे:** समागम में भोपाल जोन 24 ए, के जोनल इंचार्ज एवं संयोजक अशोक जुनेजा, क्षेत्रीय संचालक अखिलेश यादव, बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महेश वीधानी, संचालक विलास जाधव, अशोक नाथानी, जोन के सभी अधिकारियों सहित भोपाल जोन 24 ए के सैकड़ों निरंकारी श्रद्धालु शामिल हुए, जो रहमतें प्राप्त कर वापस लौट आए हैं।

# खुद के डॉक्टर खुद बन सकते हैं: यादव

## दिनचर्या में अनुशासन का पालन कर स्वस्थ रहने के गुर सीख रहे साधक



**हिरदाराम नगर.** रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर की श्रंखला में 10 दिवसीय शिविर आरोग्य केन्द्र में चल रहा है, जिसमें अपनी शारीरिक दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर देशभर से साधक-साधिकाएं संतनगर आए हैं। शिविर की शुरूआत पंजीयन एवं विशेषज्ञ के व्याख्यान के साथ हुई। रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिसर डॉ दिनेश यादव ने कहा कि शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेंगे। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही ÷रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर÷ रखा गया है। इस शिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें। स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करना। दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर सुबह-शाम व्याख्यान होंगी।

# 10 हाथियों की मौत के बाद पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ अंबाड़े को पद से हटाया

## सरकार की पहली बड़ी कार्रवाई पीसीसीएफ वित्त एवं बजट रहे शुभरंजन सेन को दी जिम्मेदारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत के बाद प्रधान मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक वीएन अंबाड़े को हटा दिया है। वन विभाग में हाथियों की मौत के बाद से लेकर अब तक की यह पहली बड़ी कार्रवाही है।

इसके पहले फील्ड डायरेक्टर गौरव चौधरी व एसडीओ निनामा को निलंबित किया था, जबकि हाल ही में रिजर्व में वर्षों से पदस्थ



वन्यप्राणी अधिकारी डॉ. नितिन गुप्ता को हटाकर मुकुंदपुर भेजा गया था।

मामले में आगे और भी कार्रवाही हो सकती है। अब पीसीसीएफ वित्त एवं बजट रहे शुभरंजन सेन को प्रदेश में वाइल्डलाइफ की जिम्मेदारी दे दी है। जबकि सेन की जगह पर अंबाड़े को भेजा है।

### क्या हुआ था?

प्रदेश में बांधवगढ़ बड़ा और संवेदनशील टागइर रिजर्व माना जाता है। यहां 29 से 31 अक्टूबर के बीच 10 हाथियों की मौत हो गई थी। जिसकी पहली बड़ी वजह निगरानी तंत्र का फेल होना था। जिसके कारण हाथियों की लोकेशन पर ध्यान नहीं रखा जा सका और वे घूमते रहे। खेतों में चले गए, वहां फंगस ली फसल खा ली। बीमार भी हो गए, तब तक बांधवगढ़ प्रबंधन को पता ही नहीं चला। जब हाथी मरने लगे तब देखा गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। तीन दिन में 10 हाथी मर गए थे।

### जांच के दौरान अंबाड़े कमियों को सामने लाने में पीछे रहे?

इस मौत के बाद भी मुखिया होने के नाते अंबाड़े ने जांच से लेकर असल कमियों को सरकार के सामने लाने में आनाकानी की और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर पूरा ठिकरा कोदो–कुटकी फसल पर फोड़ दिया, जिसे केंद्र व राज्य मोटे अनाज के तौर पर देश–विदेश में प्रमोट कर रहे हैं। हाथियों की मौत् और उस पर वन विभाग की नाकामियों ने सरकार की मोटे अनाज को एक तरह से झटका दिया। जिसका असर अब मैदानी स्तर पर दिखाई देने लगा है। विशेषज्ञों के मुताबिक नतीजा यह है कि कोदो–कुटकी खरीदने से व्यापारी बचने लगे हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी कमियों के कारण सरकार ने उन्हें हटाया है।

### सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंची

# मिशन हाईटेक.... विधायकों को मिलेंगे एपल के आईपैड

## साठ फीसद राशि देगा केंद्र, बाकी मप्र वहन करेगा

**मध्यप्रदेश के सभी विधायकों को अब जल्द ही ई-विधान के तहत एपल के आईपैड मिलने वाले हैं। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में बैठक भी हो चुकी है। विधायकों को दिए जाने वाले आईपैड की राशि का भुगतान केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और मध्य प्रदेश सरकार 40 फीसदी करेगी। इससे पहले राज्य के विधायकों के लिए पांच लाख रुपये की राशि से ई-ऑफिस प्रारंभ करने की कवायद और बजट का प्रावधान गत वर्ष वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने किया था।**

खास बात यह है कि देश की लगभग सभी राज्यों की विधानसभाओं में सुरक्षा की दृष्टि के हिसाब से एप्पल के आईपैड प्रदान किये गए हैं। दरअसल,एनआईसी मप्र विधानसभा में जल्द से जल्द ई-विधान प्रणाली को प्रारंभ करने जा रही है। ई-विधान से देश के 19 राज्य जुड़ चुके हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि राज्य के सभी विधायकों को जल्द से जल्द आई पेड मिलें इसके लिये



प्रक्रिया एनआईसी के सहयोग से पूर्ण होने वाली है।

एमपी पोस्ट के मुताबिक बीते दिनों विधानसभा में नेता हाउस कमेटी की बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य बाला बच्चन, अजय विश्नोई, रीति पाठक, सुरेश राजे, नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, गौरव सिंह पारधी एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह , अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे की मौजूदगी में विधानसभा और विधानसभा क्षेत्र के कामकाज एवं अपने डाटा की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एप्पल के आईपैड प्रदान किये जाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है। इस पर बैठक में ही सहमति भी बन गई। एनआईसी आई पेड देने की इस प्रक्रिया को अंतिम रूप देगा।

### क्या है ई-विधान

ई-विधान देश की सभी विधानसभाओं को एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म पर लाने का प्रयास है। इससे एक-दूसरे के नवाचार पता लगेंगे और विचारों का आदान प्रदान भी होगा। यह सिस्टम लागू होने के बाद विधानसभा के कागज में खर्च होने वाले करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष बचेंगे। सदस्यों को चर्चा करने के लिए एक क्लिक पर संदर्भ सामग्री भी ऑनलाइन उपलब्ध होगी ।

# प्रदेश में होगी डिजिटल यूनिवर्सिटी एवं एमपीआईटी की स्थापना

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक, व्यापक कार्य-योजना बनाने के दिए निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में संकल्प-2023 की परिकल्पना केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश की पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना के संबंध में बैठक हुई। मंत्री परमार ने अधिकारियों के साथ व्यापक विचार मंथन किया। उन्होंने डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए व्यापक कार्य योजना बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संकल्प-2023 की परिकल्पना प्रदेश के प्रत्येक संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) की स्थापना के संबंध में भी व्यापक विचार मंथन हुआ। मंत्री परमार ने एमपीआईटी की स्थापना के लिए विभिन्न बिंदुओं पर समग्र विमर्श कर, विभागीय अधिकारियों को कार्य-योजना बनाने के लिए कहा।



बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, सचिव तकनीकी शिक्षा रघुराज राजेंद्रन, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े, कुलगुरु राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डॉ. राजीव त्रिपाठी, आईआईआईटी के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, कुलगुरु भोज विवि डॉ. संजय तिवारी, डायरेक्टर एनआईटीटीटीआर भोपाल डॉ. सी सी त्रिपाठी एवं संचालक तकनीकी शिक्षा डॉ. वीरेंद्र कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयुष मंत्री परमार की अध्यक्षता में हुई पुरस्कार चयन समिति की बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयुष विभाग अंतर्गत पुरस्कार चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में पंडित उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वर्ष-2022 के लिए पुरस्कार चयन समिति ने व्यापक विचार मंथन किया।

बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष-2022 के पुरस्कार के लिए नाम का चयन किया गया। आयुष मंत्री परमार ने पंडित उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वर्ष-2023 के लिए अनुशंसा समिति की बैठक शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ज्ञातव्य है कि उक्त पुरस्कार वर्ष-2023 के लिए भी विज्ञापन जारी किया जा चुका है। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा एवं आयुक्त आयुष आर. उमा माहेश्वरी सहित समिति के सदस्य डॉ. एस.एन. पांडे (उज्जैन) एवं वैद्य प्रभाकर चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंटक की 243वीं बैठक: केंद्रीय श्रम संगठनों के आंदोलन में भागीदारी करेगी मप्र यूनिट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश इंटक के कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश के 55 जिलों में इंटक से सम्बद्ध यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व जी. संजीवा रेड्डी के नेतृत्व में केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा मजदूरों की लम्बित मांगों को लेकर संचालित आन्दोलन को मध्यप्रदेश में पूरी सक्रियता व ताकत के साथ संचालित करने का आव्हान किया है। ज्ञातव्य है कि न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण, ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस), नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस), स्वास्थय व दुर्घटना बीमा, निजीकरण, ठेका

**प्रदेश के 55 जिलों में इंटक से सम्बद्ध यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया**

प्रथा, मंहगाई, बेरोजगारी, रोजगार का अधिकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके पूंजीपतियों के हित में और मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड बनाने के विरोध में पूरे देश में केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा आन्दोलन संचालित किए जा रहे हैं श्री यादव ने कहा कि इस संयुक्त आन्दोलन को मध्य प्रदेश में पूरी सक्रियता और ताकत के साथ संचालित किया जाएगा। इंटक की प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने पर आभार व्यक्त किया गया ।

महामंत्री बीडी गौतम ने यूनियनों में आंतरिक विवाद, समाधान की प्रक्रिया व निवारण के उपाय विषय पर विचार रखे। राजेंद्र सिंह नाती ने संगठन में अनुशासन के महत्व और अनुशासन सुनिश्चित करने उपाय पर विचार रखे।

बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए कि -भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) जो हर वर्ष होता था, उसे जल्द किया जाना चाहिए। चवालीस श्रम कानूनों को समाप्त करके भारत सरकार सिर्फ 4 लेबर कोड बनाना चाहती है, वह संशोधन रद्द किया जाए । ठेका प्रथा समाप्त कर श्रमिक/कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

# नूरी खान ने पदभार ग्रहण किया




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा मप्र महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान ने पद सम्हाल लिया है।नूरी को मध्यप्रदेश में महिला कांग्रेस की सदस्यता के लिए भी प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, जीतू पटवारी सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर पदभार ग्रहण किया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने मातृछाया और वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आयकर भवन के पीछे स्थित मातृछाया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातृछाया के संचालक से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं को विस्तृत से जाना और इसे व्यवस्थित रूप से चलाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर ने जे.पी. अस्पताल परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री व विभागीय मंत्री ने सेंटर के कर्मचारियों से यहां आने वाली पीड़िताओं को दी जाने वाली कानूनी सलाह व उनको दिये जाने वाले उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। सेंटर के संचालन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां लीं और सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने दी इस बारे में जानकारी

# 20 जिलों में 400 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होंगे 100 छात्रावास

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 50 ब्लॉक में बनेंगे 100-100 सीटों के 2-2 छात्रावास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी आवासीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत केन्द्र सरकार ने देश के सभी प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण के लिये स्वीकृति दी है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मान्य करते हुए 20 जिलों में 100 ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दी।इउन्होने कहा कि प्रदेश के 20 जिलों के 50



ब्लॉक्स में (हर ब्लॉक में) 2-2 ट्राइबल छात्रावासों बनाये जायेंगे। यह सभी ट्राइबल छात्रावासों 4-4 करोड़ रूपये की लागत और 100-100 सीटर होंगे।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि अभियान के तहत अलीराजपुर जिले के अलीराजपुर, जोबट, कट्ठीवाड़ा, सोण्डवा एवं उदयगड़, बड़वानी जिले के पानसेमल एवं पाटी, बैतूल जिले के भीमपुर, मुल्ताई एवं शाहपुर, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा, बिछुआ, हर्रई, जुन्नारदेव, परासिया एवं तामिया, दमोह जिले के तेंदूखेडा, डिंडोरी जिले के डिंडोरी, मेहंदवानी, समनापुर एवं शाहपुरा, जबलपुर जिले के कुंडम, झाबुआ जिले के पेटलावद, रामा, रानापुर एवं थांदला, खरगोन जिले के भगवानपुरा, भीकनगांव एवं झिरन्या, मंडला जिले के नारायणगंज, नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर, पन्ना जिले के पवई, सतना जिले के रामपुर-बघेलान, सीहोर जिले के नसरूल्लागंज, सिवनी जिले के छपारा, धनौरा, कहानापस (घन्सौर) एवं लखनादौन, शहडोल जिले के ब्यौहारी, बुड़ार एवं जयसिंहनगर, श्योपुर जिले के कराहल एवं विजयपुर, शिवपुरी जिले के खनियांधाना एवं शिवपुरी, सीधी जिले के सीधी एवं सिंहावल तथा सिंगरौली जिले के बैढ़न, चितरंगी एवं देवसर में यह हॉस्टलस् बनाये जायेंगे।



## संपादकीय

# सोना की कीमतें और आम आदमी

भारत में सोने के प्रति जो आसिक्त परिवारों में है,वह सोने को वाकई ऐसी वस्तु बना चुकी है कि न सोने की मांग कम होती है और न ही इसकी कीमतें। इस बार फिर शादी-ब्याह के मौसम में सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। मगर इस साल सोने के दाम जिस तेजी से बढ़े हैं, यह बडी? चिंता की बात होना चाहिये। दरअसल सोना हमेशा से न सिर्फ भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है बल्कि लोग इसे गहनों के रूप में पहनने के अलावा निवेश के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में भी देखते हैं। यही बात सोने में मिलावट व तस्करी को भी बढावा देती है। दरअसल सोने की कीमतों का अर्थव्यवस्था पर असर साफ दिखता है। जैसे-जैसे कीमतें बढ़ती हैं, वैसे-वैसे महंगाई बढ़ने की रफ्तार भी तेज होती है। दरअसल, भारत सोने के मामले में पूरी तरह आयात पर निर्भर है। वैश्विक स्तर पर होने वाले भू-राजनैतिक बदलावों का सोने के दाम पर असर होता है।

दुनियाभर के केंद्रीय बैंक अपने भंडार में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं, जिससे मांग बढ़ रही है और कीमतें भी। पिछले दिनों खबरें थीं कि भारत ने भी अपना सोना वापस बुलाया है। बढ़ती महंगाई रोकने के लिए सोना जमा करना अच्छा उपाय माना जाता है लेकिन साथ में कई अन्य उपाय भी करने होते हैं। पारंपरिक निवेश में सोने को सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जाता है। निवेशकों के मन में सुरक्षा भाव होता है। निवेश के लिहाज से सोने में तेजी का रुख एक निश्चित अंतराल पर बनता रहा है। इस लिहाज से निवेशकों को सोने में तेजी से लाभ कमाने का मौका मिल सकता है। लेकिन जो लोग सोने में निवेश नहीं करते और सिर्फ जरूरत भर के लिए खरीदते हैं, उनके लिए मुश्किल यह है कि महंगा सोना कहां से खरीदें। भारत में एक गरीब व्यक्ति की भी कोशिश होती है कि सोने का छोटा टुकड़ा ही सही, धारण करे। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सोने का पारंपरिक और भावनात्मक मूल्य है। शादी-ब्याह के मौके पर सोना खरीदने के लिए भीड़ इसीलिए देखी जाती है। लेकिन इसकी कीमत जिस तरह से आसमान छू रही है उससे खरीद तो मुश्किल हो ही गई है, सोने में मिलावट और तस्करी भी बढ़ रही है। यह चिंता की बात है। मांग और कीमत बढ़ने से मिलावटी सोने का बाजार भी बढ़ रही है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अहितकर है। ऐसे में सरकार और तमाम एजेंसियों को कई बिंदुओं पर विचार करने, उपभोक्ताओं के हित में सख्त कदम उठाने और कड़ी निगरानी की जरूरत है। कई बार ऐसे कयास भी सामने आते रहे हैं कि भारत में सोने की कीमतें एक लाख रूपये प्रति तौला के आसापास आकर ठहर सकती हैं। इस हालत में आम आदमी की बेबसी को पढा जाना चाहिये, जो परंपरा और आकर्षण के बीच फंसा हुआ है। वह आर्टिफिशियल ज्वेलरी की तरफ बेमन से मुडता है। इसलिये इसका कारोबार भी बढता रहा है। हालांकि सरकार को सिर्फ सोना ही नहीं बल्कि इससे भी ज्यादा चिंता समूची महंगाई की करना चाहिये, महंगे राशन, खाद्य तेल और महंगे पेट्रोल-डीजल तथा महंगे होते सब्जी फल तक पर गौर करना चाहिये,सिमटते रोजगार के मौकों पर गौर करना चाहिये,मामूली तनख्वाहों पर दिनभर काम करने की युवाओं की मजबूरी पर गौर करना चाहिये। यदि ऐसा होगा तो आम आदमी के दिल दिमाग और जेब पर बढता जा रहा बोझ हल्का होगा।

**यह मनुष्य का मन ही है जो उसके बंधन या स्वतंत्रता का कारण है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1920: हकीम अजमल खान जामिया के पहले चांसलर बने।
- 1968: मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
- 1971: भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू।
- 1975:जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने।
- 1990: ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने त्यागपत्र की घोषणा की।
- 1997: भारत की डायना हेडेन विश्व सुंदरी बनी।
- 1998: बांग्लादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण किया।
- 2000: पाकिस्तान और ईरान पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया।
- 2002: मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के आयोजन के विरोध में नाइजीरिया में भड़के दंगे में सैकड़ों लोग मारे गए।
- 2005 : एंजेला मर्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं।
- 2006: भारत और वैश्विक कंसोर्टियन के छह अन्य देशों ने सूर्य की तरह ऊर्जा पैदा करने वाले प्राथमिक फ्यूजन रिएक्टर की स्थापना करने के लिए पेरिस में ऐतिहासिक समझौता किया।
- 2007: ब्रिटेन में अवैध प्रवासी समस्या पर काबू पाने के लिए कड़े प्रतिबंधों की घोषणा।
- 2008: भारती क्रिकेट टीम के कप्तान एमएस धोनी ने अपना पद छोड़ने की धमकी दी।
- 2008: हिन्दी के प्रख्यात कवि कुंवर नारायण को वर्ष 2005 के ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 1830: झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला शाखा 'दुर्गा दल' की सेनापति झलकारी बाई का जन्म।
- 1864: भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म।
- 1899: वरिष्ठ भारतीय स्वतंत्रता सेनानी शहीद लक्ष्मण नायक का जन्म।
- 1901:असम, नागालैंड के पूर्व राज्यपाल वी. सहाय का जन्म।

## निशाना

### है मिला आघात !



-कृष्णेन्द्र राय

कर दिया किनारे ।
उठी ऐसी बात ।।
चले गए सदमे में ।
है मिला आघात ।।
आई अपनी बारी जब ।
लिया पल्ला झाड़ ।।
रहे भरते दंभ ।
हिलाना है पहाड़ ।।
पड़ गए अकेले ।
कस रहे सब तंज ।।
है होना स्वाभाविक ।
अंदर अंदर रंज ।।
है हुआ अन्याय ।
दिए पत्ता काट ।।
आगे से अब अपनी ।
हो गई है ठाट ।।

# संकीर्णता की राजनीति को नकारे विवेकशील मतदाता

■ विश्वनाथ सचदेव

महाराष्ट्र, झारखंड और देश के अलग-अलग हिस्सों में कोलाहल भरा चुनाव-प्रचार थमने के बाद मतदान हो चुका है। प्रचार के शोर का क्या और कितना असर मतदान के नतीजों पर पड़ता है, यह अनुमान लगाना भी सहज नहीं है, लेकिन मतदान की तारीख पास आते-आते राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रचार में आया परिवर्तन बहुत कुछ कह जाता है। इन चुनावों में हमने देखा कि प्रचार की शुरुआत में तो भले ही मुद्दों की कुछ बात हुई हो, अंत तक आते-आते बात सांप्रदायिकता तक पहुंच ही गयी। वैसे आम-चुनाव के परिणाम आने के बाद ही देश की राजनीति को समझने का दावा करने वाले यह कहने लगे थे कि जब भी सत्ता शीर्ष पर बैठे लोगों को यह लगने लगेगा कि उनकी लोकप्रियता में कुछ कमी आ गयी है और वह स्वयं को कुछ असुरक्षित महसूस करेंगे तो वे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को अपना मुख्य मुद्दा बना लेंगे।

यह तो आम चुनाव के परिणामों ने ही बता दिया था कि प्रधानमंत्री लोकप्रियता के उस पायदान से काफी नीचे आ गये हैं जहां वे 2019 के चुनाव के समय थे। पर हरियाणा के चुनाव में भाजपा को मिली अप्रत्याशित विजय ने उनका हौसला काफी बढ़ा दिया था। इसलिए, जब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी मैदान में प्रचार के लिए उतरे तो शुरुआत में उन्होंने ठोस मुद्दे ही उठाये थे। पर जल्द ही उन्हें अहसास होने लगा कि चुनावी सभाओं में उन्हें वह प्रतिसाद नहीं मिल रहा जो पहले मिलता था तो उनके प्रचार का लहजा और स्वर दोनों बदलने लगे ! अपने खेल की पिच स्वयं बनाने के आदी हैं प्रधानमंत्री। पहल वे करते थे और विपक्ष की कार्रवाई प्रतिक्रियात्मक ही रहती थी। पर इस बार जब प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये 'बंटोगे तो कटोगे' का नारा अनायास ही उठा लिया तो संकेत मिलने लगा था कि उन्हें अपनी ज़मीन कुछ कमज़ोर नज़र आ रही है। यह बात दूसरी है कि जल्दी ही उन्हें अहसास हो गया कि यह नारा उन्हें कमज़ोर बनायेगा और उन्होंने इसमें कुछ बदलाव करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के 'एक रहेंगे,




नेक रहेंगे' को 'एक रहेंगे, सेफ रहेंगे' कर दिया। पर इस बात ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भाजपा एक रहने का आह्वान बहुसंख्यकों से कर रही थी।

यह सही है कि भाजपा के नेता पहले यह कह चुके थे कि 'अब भाजपा को बीस प्रतिशत के समर्थन की आवश्यकता नहीं है', पर अब भाजपा के नेतृत्व को यह दिख रहा था कि जब तक बहुसंख्यकों का ठोस वोट बैंक नहीं बनता है, उसकी सुरक्षा-दीवार मज़बूत नहीं होगी। भाजपा कांग्रेस पर मुसलमानों के वोट बैंक बनाने का आरोप हमेशा से लगाती रही है। भाजपा यह भी समझ गयी थी कि बीस प्रतिशत के वोट बैंक से कहीं मजबूत है अस्सी प्रतिशत का वोट बैंक। और शायद उसका शीर्ष नेतृत्व यह भी अनुभव करने लगा था कि हिंदुत्व को मुख्य मुद्दा बनाना ज़रूरी हो गया है। यही कारण था कि इस बार के चुनाव-प्रचार में मतदान का दिन नजदीक आते-आते प्रचार में सांप्रदायिकता का रंग दिखने लगा। 'नेक' की जगह 'सेफ' शब्द यूं ही नहीं जोड़ा गया था। यह जताना मुश्किल नहीं था कि सेफ्टी या सुरक्षा किससे चाहिए और किसको चाहिए।

बहरहाल, चुनाव किसी युद्ध से कम नहीं होते। महाराष्ट्र के एक पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्री ने तो इस चुनाव के 'धर्मयुद्ध' होने की घोषणा भी कर दी और विपक्ष ने इसे चुनाव में धर्म के 'हस्तक्षेप' की संज्ञा भी दे दी। पर धर्म का यह हस्तक्षेप हमारी राजनीति में कब नहीं हुआ? पिछले चुनावों के दौरान ही कपड़ों से लोगों को पहचानने का दावा किया गया था, मंगलसूत्र के छीनने की बात कही गयी थी, आस्था के प्रतीकों से जुड़े नारे चुनाव-प्रचार का हथियार बने थे। इस बार भी हरसंभव तरीके से इस हथियार को आजमाने की कोशिश होती रही है। हमारे संविधान के आमुख में 'पंथ-निरपेक्षता' शब्द जोड़े जाने को बात को अक्सर उछाला जाता रहा है। यही नहीं, चुनाव-प्रचार के आखिरी दिन एक भाजपा नेता ने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि शीघ्र ही राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता को भगवा रंग में रंग देंगे ! धर्म वैयक्तिक आस्था की चीज है। उसका चुनावी-लाभ उठाने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जा सकता, न ही किया जाना चाहिए। विविधता में एकता वाला देश है हमारा। धार्मिक विविधता हमारी ताकत है। इसलिए, धर्म को राजनीति का हथियार बनाना अपने संविधान की भावना के विरुद्ध काम करना है। यह अपने आप में एक अपराध है। इस अपराध की 'सज़ा' मतदाता ही दे सकता है। ऐसा कब होगा या हो पायेगा, पता नहीं। लेकिन होना चाहिए। जागरूक और विवेकशील मतदाता का दायित्व बनता है कि वह ग़लत तरीके से की जाने वाली राजनीति को नकारे।

बात सिर्फ सांप्रदायिक भावना को उभारने की ही नहीं है। चुनाव-प्रचार जिस तरह से घटिया होता जा रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। जनतंत्र में चुनाव विचारों की लड़ाई होता है। अपने विचार के समर्थन में तार्किक तरीके से प्रचार करने का सबको अधिकार है। लेकिन अधिकार का यह कैसा उपयोग है कि हम सहज शालीनता को भी भूल जाएं? अपने राजनीतिक विरोधी को ज़हरीला सांप बताना शालीनता की किस परिभाषा में आता है? और एक-दूसरे को चोर कहकर हमारे नेता कैसी राजनीति करना चाहते हैं? हम अपनी स्वतंत्रता के 'अमृत-काल' में हैं। पता नहीं प्रधानमंत्री ने क्या सोचकर यह नाम रख दिया था, पर इसका अभिप्राय यही लगता है कि हम बताना चाहते हैं कि हमारा जनतंत्र परिपक्व हो चुका है। इस परिपक्वता का तकाज़ा है कि हम छिछली राजनीति से स्वयं को बचाएं। विचारों की लड़ाई ठोस तर्कों से लड़ी जाती है, बेहूदा नारों से नहीं। चुनाव का अवसर राजनेताओं के लिए अपनी क्षमता को उजागर करने का होता है। यह दिखाने का अवसर होता है कि हम प्रतिपक्षी से बेहतर कैसे हैं। यह दावा करना पर्याप्त नहीं है कि मैं दूसरे से बेहतर हूं, बेहतरी को अपने व्यवहार से सिद्ध भी करना होता है। दुर्भाग्य ही है कि हमारे नेता, चाहे वे किसी भी रंग के क्यों न हों, न इस बात को समझते हैं और न ही समझना चाहते हैं। चुनाव-प्रचार के दौरान जिस तरह भाषा और नारेबाजी लगातार घटिया होती हम देख रहे हैं वह हमारी जनतांत्रिक समझ पर सवालिया निशान ही लगाता है।

आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? ऐसा नहीं है कि पहले हमारी राजनीति का स्तर बहुत अच्छा था, पर इतना घटिया निश्चित रूप से नहीं था। धर्म के आधार पर राजनीति पहले भी होती थी, पर वैसी नहीं जैसी अब हो रही है। भगवे या हरे या नीले या सफेद रंग ने हमारी राजनीति को बदरंग बना दिया है। नेता यह बात नहीं समझना चाहते, पर मतदाता को इसे समझना होगा-दांव पर उसका भविष्य लगा है!

**(साभार : ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

# भारत में शोषण एवं अपराधमुक्त नया बचपन उभरे

■ ललित गर्ग

हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1954 में हुई थी। 20 नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि इसी दिन 1959 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया था। इसी दिन 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को भी अपनाया था। सार्वभौमिक बाल दिवस पहली बार 1925 में जिनेवा, स्विटजरलैंड में बाल कल्याण के विश्व सम्मेलन में घोषित किया गया था। हालाँकि, इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में मान्यता नहीं मिली, लेकिन 1954 में ब्रिटेन ने अन्य देशों को बच्चों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए एक दिन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सार्वभौमिक बाल दिवस, जिसे विश्व बाल दिवस या सिर्फ़ बाल दिवस के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में बच्चों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।बाल अधिकारों की घोषणा बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज़ है। इसे मूल रूप से मानवाधिकार कार्यकर्ता एग्लेंटाइन जेब ने प्रस्तावित किया था और 1924 में राष्ट्र संघ द्वारा अपनाया गया था, इससे पहले 1959 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसका विस्तारित संस्करण पेश किया गया था। एग्लेंटाइन जेब एक समाज सुधारक और पूर्व शिक्षिका थीं, जिन्होंने 1919 में सेव द चिल्ड्रन नामक चैरिटी की स्थापना की थी। प्रथम विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि यूरोप में बच्चों को जिस गरीबी का सामना करना पड़ रहा था, उससे वह भयभीत थीं और उन्होंने पर्चे बाँटकर जागरूकता फैलाने की कोशिश शुरू कर दी। उनके जुनून के कारण उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन जज उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका जुर्माना खुद ही भर दिया।

जिनेवा में एक बाल सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें जेब ने बाल अधिकारों की घोषणा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि बच्चे को उसके सामान्य विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से। जो बच्चा भूखा है उसे भोजन दिया जाना चाहिए, जो बच्चा बीमार है उसे दूध पिलाया जाना चाहिए, जो बच्चा पिछड़ा है उसकी मदद की जानी चाहिए, अपराधी बच्चे को वापस लाया जाना चाहिए, तथा अनाथ और बेसहारा बच्चे को आश्रय और सहायता दी जानी चाहिए। संकट के समय सबसे पहले बच्चे को राहत मिलनी चाहिए। बच्चे को आजीविका कमाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे हर प्रकार के शोषण से बचाया जाना चाहिए। बच्चे को इस चेतना के साथ बड़ा किया जाना चाहिए




कि उसकी प्रतिभाएं उसके साथियों की सेवा के लिए समर्पित होनी चाहिए। दुनिया भर में बच्चों की दुर्दशा के बारे में भावुकतापूर्वक बात करते हुए उस समय उजागर की गयी ये बातें आज भी अधिक प्रासंगिक बनी हुई है। इसलिये सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की अपेक्षा है।

भारत के सन्दर्भ में सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने की जरूरत है। भारत में कई ऐसे बड़े नेता और दिग्गज लोग हुए हैं, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम जग-जाहिर है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दोनों दिग्गजों ने बच्चों के हित में व्यापक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शानदार व्यक्तित्व और हर उम्र के लोगों से जुड़ने के लिए जाने जाते हैं। बच्चों के प्रति उनका स्नेह कुछ खास है। नेहरू की ही भांति उन्हें भी बच्चों का प्रेमी कहा जा सकता है। आज वे एक विश्वनेता के रूप में उभरे हैं, अतः उन्हें देश एवं दुनिया के बच्चों के कल्याण के लिये कोई बड़ा उपक्रम करना चाहिए। विशेषतः भारत के बच्चों के लिये। क्योंकि भारत में बच्चों के शोषण, उत्पीड़न, दुर्दशा, हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोदी बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। वे बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देख रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन भारत का यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे, शोषण, बाल-मजदूरी एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन डरावना एवं भयावह हो गया है। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह और ऐसे अनेक प्रश्न सार्वभौमिक बाल दिवस की भारत के सन्दर्भ में प्रासंगिकता को उजागर करते हुए हमें झकझोर रहे हैं।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। बचपन की उपेक्षा एक अभिशाप है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है। इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं।

सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अतः शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए। मोदी सरकार सार्वभौमिक बाल दिवस जैसे आयोजनों को भारत में अधिक प्रभावी तरीके से आयोजित करें, सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। ऐसा करके ही हम सार्वभौमिक बाल दिवस को मनाने की सार्थकता हासिल कर सकेंगे। इसी से मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर कर सकें।

**(साभार : ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

# बिजली समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा : किसान संघ

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

भारतीय किसान संघ मध्यभारत प्रांत के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में बिजली विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) के साथ बैठक करके नर्मदापुरम् जिले की समस्याओं से अवगत कराकर त्वरित निराकरण की मांग की। भारतीय किसान संघ के जिला सहमंत्री रजत दुबे नें बताया कि नर्मदापुरम् जिले में बिजली समस्याएं व्याप्त है जिनके निराकरण हेतु भारतीय किसान संघ नें एमडी के साथ बैठक कर मांग पत्र सौंपा।



### मैनेजिंग डायरेक्टर को जो मांग पत्र सौंपा उसकी समस्याएं इस प्रकार है

1- संपूर्ण जिले में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जावे।
2- संपूर्ण जिले के बिजली तारों का मेंटनेंस, टूटे पोल को सुधारा जावे तथा तय समय में मेंटनेंस किया जावे।
3- इटारसी डिवीजन के अंतर्गत गुर्रा सबस्टेशन में पदस्थ संजय तंतुवाय को हटाया जावे,जोकि किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करता है।
4- किसानों के जले हुए ट्रांसफार्मर 3 दिन में बदले जावे, तथा 10 प्रतिशत राशी जमा करनें पर ट्रांसफार्मर बदल दिए जावे।
5- किसानों को नियत समय अंतराल में स्थायी कनेक्शन प्रदान कर दिए जावे।
6- किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली दिन के समय ही प्रदान की जावे।
7- अतिरिक्त भार वाले ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ाया जावे
8- प्रस्तावित सबस्टेशनों का कार्य शीघ्रता से किया जावे। तथा ओव्हरलोड सबस्टेशनों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर बढ़ाये जावे।
9- इटारसीअटल ज्योति योजनांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त 24 घंटे बिजली प्रदान की जावे।
10- कोठरा सबस्टेशन,हिरणखेड़ा सबस्टेशन के अंतर्गत समस्याओं का निराकरण हो।

### आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज थीम के अंतर्गत

# ब्रह्माकुमारी द्वारा स्वर्णिम प्रशासन मप्र जागृति राज्यस्तरीय अभियान पहुंचा सिवनी मालवा







**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज थीम के अंतर्गत प्रशासकों प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश जागृति राज्यस्तरीय अभियान ब्रह्माकुमारी सिवनी मालवा सेवाकेंद्र आनंद सरोवर में राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम आज सुबह से ही चल रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी 'राजयोग शिक्षण एवं शोध संस्थान' के 'प्रशासक सेवा प्रभाग' का उद्देश्य है, प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों में नैतिकता और नैतिक व्यवहार को बढ़ावा देकर एक श्रेष्ठ समाज, स्वर्णिम संसार का निर्माण करना है।मूल्यनिष्ठ और सुप्रशासन को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान का प्रशासक सेवा प्रभाग लगातार प्रयासरत है।

तनाव प्रबंधन के साधन के रूप में आत्म-प्रबंधन और राजयोग ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान करना तथा मूल्य-आधारित, आध्यात्मिक रूप से सुदृढ़ प्रशासनिक प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले कौशल प्रदान करना है।

प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों के सशक्तिकरण हेतु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा इसकी भगिनी संस्था 'राजयोग शिक्षण एवं शोध संस्थान' के 'प्रशासक प्रभाग' के द्वारा 'राष्ट्रीय सम्मेलन' एवं 'राजयोग शिविर' समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी से संबद्ध स्वच्छ एवं स्वस्थ प्रशासन के महत्व तथा लाभ के प्रति जन-मानस एवं राज्य शासन प्रशासन में भी जागृति हेतु 'ब्रह्माकुमारी' संस्थान की ओर से 'स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश जागृति' अभियान सिवनी मालवा पहुंचा है।

मूल्य आधारित प्रशासन विषय पर श्रीमती श्रुति चौधरी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) की उपस्थिति में जनपद पंचायत सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ साथ ब्रह्माकुमारी सिवनी मालवा सेवाकेंद्र आनंद सरोवर के सभागार में श्रीमति रेखा यदुवंशी (बाल विकास अधिकारी) की उपस्थिति में सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु 'मन प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात् शाम को 'मन प्रबंधन द्वारा प्रशासन में उत्कृष्टता' विषय पर संतोष पारीक (छिंदवाड़ा जिला प्रभारी भाजपा) की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कई प्रशासक, प्रबंधक तथा कार्यपालक अधिकारी उपस्थित थे। जिसमें मुख्य वक्ता राजयोगिनी बी.के. डॉ.रीना दीदी ब्रह्माकुमारी भोपाल प्रशासक सेवा प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर रहे।

अभियान के अंतर्गत नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 6 यात्राओं के द्वारा मध्य प्रदेश की चारों दिशाओं में अभियान पहुंचेगा। और यह सभी यात्राएं ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन एडमिनिस्ट्रेटर सर्विस विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी बी.के. डॉ. रीना दीदी के नेतृत्व में कार्यक्रम किए जायेंगे। इस अभियान के साथ साथ में ब्रह्माकुमारी रिचा दीदी, बीके डॉ रावेंद्र भाई जी, बीके राहुल भाई, बीके राम भाई अभियान के साथ साथ चलेंगे। इस अभियान के अन्तर्गत ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सेवाकेंद्र या उप-सेवाकेंद्रों के द्वारा संभाग, डिस्ट्रिक्ट, तहसील, ब्लॉक स्तर पर सभी जगह कार्यक्रम किए जाएंगे कलेक्टरेट, तहसील, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, आफिस, फैक्ट्री, सरकारी/ गैर सरकारी प्राइवेट संस्थानो में कार्यक्रमों के द्वारा अभियान निरन्तर सुचारू रूप से सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़ता रहेगा। अभियान के अंतर्गत यात्राओं के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हे आध्यात्मिक रूप से सशक्त कर सुप्रशासन एवं स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने हेतु सशक्त किया जाएगा।

अभियान के सदस्य भोपाल से आए बी.के. डॉ. रावेंद्र भाई , बीके ऋचा दीदी, बीके राम भाई जी, बी.के. राहुल भाई एवं सिवनी मालवा से बीके पवन भाई , बीके सविता दीदी सेवाकेंद्र प्रभारी (सिवनी मालवा), बीके गुंजन दीदी,, बीके पंकज भाई , बीके पंकज सोनी की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# नपा कर्मचारी के पुत्र का सड़क दुर्घटना में निधन

**इंदौर- भोपाल हाईवे पर आष्टा के पास हुई दुर्घटना, राजघाट पर हुई शोकसभा**



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका परिषद में पदस्थ कर्मचारी पर्वतपाल के पुत्र सौरभ राज पाल का इंदौर भोपाल हाइवे पर आष्टा के पास गुरुवार की सुबह सड़क दुघर्टना में आकस्मिक निधन हो गया है. प्राप्त जानकारी अनुसार सौरभ पाल प्री वेडिंग शूटिंग का कार्य समाप्त करने के पश्चात निजी वाहन से पांच दोस्तों के साथ नर्मदापुरम वापस आ रहें थे तभी सड़क पर खड़े डंपर में उनकी कार की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें सौरभ राज पाल सहित एक अन्य युवक की मौक़े पर ही मृत्यु हो गई.तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. शेष दो लड़के अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज चल रहा है.

जैसे ही यह आकस्मिक दुर्घटना से निधन का समाचार लोगों को प्राप्त हुआ वैसे ही सारे शहर में शोक कि लहर व्याप्त हो गई. शाम चार बजे मृतक का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया गया। राजघाट पर शोक सभा आयोजित कि गई जिसमें ओपी रावत, योगेश परसाई, मनोहर सराठे, सुनील अवस्थी, रविन्द्र सूर्यवंशी, शैलेन्द्र साहू, अख्तर खान, मूर्ति सिंह राजपूत, अनंत सिंह राजपूत, दुर्गेश सोनिया, गौरव वर्मा, हरीश गौस्वामी, भुवन मेहता सहित नगरपालिका से बहुत से कर्मचारियों के साथ ही शहर के भी बहुत सारे लोग राजघाट पर उपस्थित थे।

## स्कूली वाहनों की जांच, हिदायत एवं सुधार के साथ काटे जा रहे हैं चालान

**नर्मदापुरम।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के स्कूलों में पहुंचकर स्कूलों में चलने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। जांच में कमी पाए गए वाहनों को शीघ्र पूर्ण करवाने तथा बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न करने के अलावा स्कूली छात्र छात्राओं को ले जाने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग, तीव्र गति तथा परमिट की जांच की जा रही है, साथ ही बच्चो से चालक परिचालक के फीडबैक लिए जा रहे है। प्रारंभिक जांच में कुल 17 बसों की जांच की गई, जिसमें कमी पाई गई बसों को अच्छी स्थिति में ही संचालित करने के निर्देश आरटीओ अधिकारी द्वारा दिए गए है। इसके अतिरिक्त शहर की सड़कों पर जगह जगह रुककर सवारी भरने वाली बसों पर कार्यवाही की जा रही है, जिसमे आज दिनांक को नर्मदा कॉलेज तिराहे से 3 बसों को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया है।

# बुधनी उपचुनाव: कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 23 नवंबर को प्रातः 08 बजे से जिला मुख्यालय स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गुरुवार को मतगणना स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।



# जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने नर्मदा का पूजन अर्चन किया

**सभी जिला वासियों के लिए मंगल कामना की**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में प्रथम आगमन पर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को मां नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पहुंचकर नर्मदा मैया के दर्शन कर पूजन अर्चना की।



उन्होंने मां नर्मदा को दूध एवं जल अर्पित कर पूजन अर्चन किया।

मां नर्मदा की आरती कर प्रभारी मंत्री ने सभी जिला वासियों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीता शरण शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, भाजपा अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह सहित जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** | वार्ड वासियों ने कलेक्टर को लिखित में कराया था अवगत

# सामाजिक कार्यकर्ता की मेहनत रंग लाई, आबकारी विभाग ने तस्कर को दबोचा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर के वार्ड नंबर 26-27 भीलपुरा क्षेत्र में पिछले कई महीनो से असामाजिक तत्वों द्वारा अबैध शराब का व्यवसाय किया जा रहा था. इससे वार्ड वासियों को महिलाओं को बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. सामाजिक कार्यकर्ता व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला महामंत्री अजय शर्मा ने इस समस्या को गंभीरता से लेकर प्राशासनिक अधिकारियों के सामने वार्ड वासियों का दुखड़ा प्रस्तुत किया. कलेक्टर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को लिखित में अवगत कराने के बाद श्री शर्मा ने भीलपुरा वार्ड में अबैध शराब के व्यवसाय को समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराया.

### आखिर प्रशासन को इस अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करना पड़ा

गत दिवस आबकारी विभाग की टीम ने शराब तस्कर को भीलपुरा क्षेत्र में हाथभट्टी शराब को ले जाते हुए दबोचा. प्रशासन की इस गंभीरता पूर्वक कार्रवाई को अंजाम दिलाने में सामाजिक कार्यकर्ता शर्मा एवं वार्ड वासियों की मेहनत को श्रेय दिया जा रहा है.

### कलेक्टर को कराया था अवगत

सामाजिक कार्यकर्ता अजय शर्मा ने कलेक्टर को लिखित रूप में अवगत कराते हुए कहा था कि हम सभी नगर के वार्ड क्रमांक 26,27 भीलपुरा, मदारवाड़ा क्षेत्र के स्थाई निवासी हैं.

हमारे वार्ड में स्थित पिचिंग पर रात दिन सामाजिक तत्वों द्वारा शराब बिक्री एवं शराब पीने का कार्य रोड पर एवं भील बाबा मढिया के आसपास किया जाता है. इन असामाजिक तत्वों द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को देखकर अश्लील बातें की जाती हैं, जिससे महिलाओं तथा स्कूल कॉलेज जाने वाले बालक-बालिकाओं को परेशानी होती है.

पूर्व में की गई शिकायत के बाद इन तत्वों द्वारा रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों को पत्थर मार कर तोड़ दिया गया है अब वह लोग अंधेरे में बैठकर शराब पीने एवं बेचने का कार्य कर रहे हैं तथा भील बाबा मढिया के पास अवैध चौपड़ के रूप में जुआँ फड़ भी संचालित हो रही है जहां दिन-रात असामाजिक तत्वों का डेरा बना रहता है.

## ढाबों पर शराब परोसने का कारोबार, आकस्मिक जांच में खुलासा

**इटारसी।** शहर सीमा से सटे ढाबों पर अवैध शराब का कारोबार जमकर फलफूल रहा है। इन ढाबों पर खानपान कारोबार के साथ ही सुरा प्रेमियों को उनकी पसंदीदा शराब भी उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ दिनों पहले भी एसडीएम की छापामार कार्रवाई में अवैध शराब कारोबार से जुड़े करीब आधा दर्जन ढाबों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। अब एक बार फिर कुछ ढाबों पर शराब परोसने के खेल का खुलासा हुआ है। कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में शराब के अवैध कारोबार और ढाबों पर शराब परोसने के मामलों को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने जिले में अवैध शराब के विक्रय और निर्माण विरुद्ध कार्यवाही निर्देश जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर को दे रखें हैं। इसी कड़ी में वृत्त औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में आबकारी टीम द्वारा अनेक ढाबो पर अवैध शराब विक्रय की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। ढाबों की गहन तलाशी लेने पर मुस्कान ढाबा खेड़ा, यादव ढाबा खेड़ा, देशी चौका ढाबा रेसलपुर, हाईवे ग्लोरी ढाबा ब्यावरा एवं काका ढाबा धोखेड़ा में अवैध शराब विक्रय हेतु रखे गए देशी शराब के 60 क्वार्टर, अंग्रेज शराब व्हिस्की के 22 क्वार्टर एवं बीयर की 10 बोतले जप्त की गई। इन सभी ढाबो के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए। जप्त की गई देशी एवं अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 10,000/-है। इधर शहर में सूरजगंज इटारसी एवं नाला मोहल्ला इटारसी में अवैध शराब के विक्रय निर्माण के संदिग्ध स्थलों पर कार्यवाही हुई। जिसमे 33 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं लहान 1050 किलोग्राम जप्त हुई। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1,11,600 रूपये है।

# गोदाम पर लगा किसानों का जमावड़ा, खाद वितरण में दिखी लापरवाही

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

लंबे इंतजार के बाद बड़ी मात्रा में डीएपी खाद आया तो गुरुवार को गोदाम पर किसानों का भी हुजूम उमड़ पड़ा जिसको व्यवस्थित करना प्रशासन के बस में नजर नहीं आ रहा था व्यवस्था सही नहीं होने से किसानों को खाद लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा हर साल खाद को लेकर इसी तरह मारामारी होती है। जबकि नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों को क्षेत्र के रकबे की जानकारी होती है।इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने से किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता

**हर साल होती है खाद की किल्लत जनप्रतिनिधि समय रहते नहीं देते ध्यान**

है पर शायद जिम्मेदारों को इन किसानों की परेशानियां से ज्यादा सरोकार नहीं है तभी तो समय रहते कदम नहीं उठाते हैं , डीएपी खाद लगातार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा होता इस तरह की लाइन भी नहीं लगतीं इसी तरह क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी होती है समय रहते अधिकारियों के साथ समस्या पर मंथन नहीं करते हैं। इस वजह से समस्या विकराल लूप ले लेती है पिछले 1 महीने से डीएपी



खाद के लिए किल्लत मची हुई है। दूर-दूर से खाद लाने को किसान मजबूर है।जैसे ही डीएपी खाद आने की जानकारी किसानों को लगती है तो इनका मेला सरकारी गोदाम से लेकर निजी दुकानों पर लग गया था। बस किसानों में इस समयका डीएपी को मारामारी का दौर जारी है ।प्रशासनको अपने अमले और पुलिस की मौजूदगी में डीएपी खाद का वितरण इन दिनों कानां पड़ रहा है। लंबे इंतजार के बाद गुरुवारको डबल लॉक मैं गोदाम से डीएपी खाद मिलने की सूचना कृषकों को लगी तो इनका सुबह 7 से यह पर मेला सा लगा हुआ था बड़ी सख्या किसान अपनी महिला कृषकों को भी लेकर पहुंचे अंगूठा लगने के बड़ी किसानों को गोदाम से डीएपी खाद प्रदान किया जा रहा था इस वजह से बड़ी संख्या में महिलाएं ठंड के बीच यहां धूप में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करती आई भीड़ ज्यादा होने पर गोदाम से किसानों को टोकन देकर खाद का वितरण किया खाट को ले जाने के लिए किसानों के वाहनों की भीड़ यहां पर लगी हुई थी इस दौरान गोदाम पर लापरवाही से वाहन खड़े होने से विवाद भी हो रहा था।अव्यवस्थित रूप से काम यहां पर होने से सभी को परेशानी हो रही थी इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा किसानों को यहां पर समझाने का प्रयास भी नहीं किया कि गया कि पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद आ गया है खाद लेने के लिए किसान आपस में हड़बड़ी न करें सभी को खाद मिलेगा ऐसा अनाउंसमेंट यदि मौके पर कराया होता तो अव्यवस्था भी यहां पर नहीं होती डीएपी खाद लेने के लिए लंबी लंबी कतारें भी यहां पर नजर नहीं आती जो सुबह-सुबह लेकर शाम तक लगी रही। कई किसानों का कहना ताकि वैसे ही इस बार खाद नहीं मिलने के कारण बोनी करने में बहुत पीछे हो गए हैं खाद आया है तो उसके लेने के लिए सुबह-सुबह ही सारे काम छोड़कर केवल खाद लेने के लिए आए हुए हैं घर की महिलाओं को भी लाना पड़ा क्योंकि खाद लेने के लिए उनके अंगूठे निशान लगने के बाद ही हम खाद मिल पा रहा है, इस वजह से इनको भी लेकर आए हैं ।दूसरी ओर निजी दुकानों पर भी डीएपी खाद की गाड़ी खाली हुई वहां पर भी बड़ी संख्या में किसान लेने के लिए यहां भी किसाने की भीड़ लगी ही थी प्रशासन के द्वारा समय पर डीएपी खाद का इंतजाम किया होता तो किसानों इस तरह से डीएपी खाद के लिए लाइनों में नहीं लगना पड़त । प्रत्येक साल इसी तरह की कहानी होती है फिर भी सरकार के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को दूर करने के लिए समय से पहले कम नहीं उठाए जाते हैं।

### डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

# हितग्राहियों को बैंकों के चक्कर ना लगाना पड़े : कलेक्टर सिंह

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टेउ्ट के बेतवा सभागार में सम्पन्न हुई इस बैठक में आरबीआई के प्रतिनिधि के अलावा लीड बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल, के अलावा समस्त बैंको के जिला नोडल अधिकारी तथा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बैंकर्स प्रतिनिधियो से कहा कि शासन की महत्वपूर्ण व प्राथमिकता वाली योजनाओं के हितग्राहियों को वित्त पोषण के मामलो में बैंको का चक्कर ना लगाना पडे ऐसी कार्यप्रणाली अपनाकर बैंकर्स हितग्राहियों के विश्वासो पर खरे उतरे। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को बैंको में एक ही बार बुलाकर तमाम प्रक्रिया पूर्ण कराएं ताकि घर जाने पर उनके मन में यह विचार ना आए कि मात्र दस हजार के लोन के लिए बैंको ने बीसो चक्कर लगवाए है।



**दुगने प्रकरण प्रेषित**

कलेक्टर श्री कुमार सिह ने डीएलसीसी की बैठक में हितग्राहीमूलक योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजनावार लक्ष्यों से दुगने प्रकरण बैंको को प्रेषित किए जाए। बैंको के द्वारा आवेदन के साथ जो दस्तावेंज संलग्न किए जाने है उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बैंकर्स प्रतिनिधियों से कहा कि जिन प्रकरणो में कमीवेश पाई जाती है तो उक्त सूचना संबंधित विभाग के अधिकारी को सूचित करें ताकि उक्त हितग्राही के दस्तावेंजो की पूर्ति समय सीमा में पूरी हो सकें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी बैंकर्स हितग्राहीमूलक योजनाओं में वित्त पोषण की कार्यवाही उसी वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पहले करें ताकि हितग्राही लोन स्वीकृत वित्तीय वर्ष में ही स्वंय का रोजगार स्थापित कर प्रथम किश्त अदा कर सकें ताकि किश्तो को नियमित रूप से जमा करने में कोई व्यवधान ना आ पाए।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने समीक्षात्मक बैठक के दौरान जिन बैंको के द्वारा वित्त पोषण संबंधी कार्यो, हितग्राही के प्रकरणो को स्वीकृत करने में आनाकानी की गई है उन बैंको के जिला नोडल अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं के वित्त पोषण में लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्यवाही का प्रस्ताव उनके क्षेत्रीय अधिकारी को प्रेषित किया जाए।

**कलेक्टर के निर्देशों का पालन होगा**

लीड बैंक आफीसर बीएस बघेल ने समीक्षा बैठक के अंत में आश्वस्त कराते हुए कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में जो निर्देश दिए गए है का बैंकर्स प्रतिनिधि अक्षरशः पालन सुनिश्चित करेंगे। आपसी समन्वय स्थापित कर हितग्राहीमूलक कार्यो को सुगम बनाया जाएगा। इस दौरान सभी बैंकर्सो और स्वरोजगारमूलक योजनाओं को क्रियान्वित करने वाले विभागो के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने मोबाइल नम्बर एक दूसरे को सांझा किये है ताकि अवरोध जैसी परिस्थितियां निर्मित ना हो सके। सतत सम्पर्क बनाए रखने पर भी बल दिया है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बैंकर्स और विभागो के अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित कर हितग्राहीमूलक योजनाओं में किसी भी प्रकार के व्यवधान ना आए के लिए सप्ताह में दो दिन बैठक आयोजित कर लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश लीड़ बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल को दिए गए है।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी बैंकर्स प्रतिनिधि सचेत रहे कि बैंक केवल उपभोक्ताओं के लेनदेन तक सीमित ना रहें। भारत सरकार की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम व योजनाओं के वित्त पोषण में विशेष रूचि प्रदर्शित करे।

उन्होने कहा कि प्रत्येक तीन माह में आयोजित होने वाली डीएलसीसी की बैठक में बैंकर्स प्रतिनिधि समुचित तैयारियों के साथ आए। यदि आगामी बैठक में ऐसा प्रतीत हुआ कि बैंकर्स के द्वारा जबाव देने में ढीला रवैया अपनाया जाता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही के प्रस्ताव तैयार करने हेतु लीड बैंक आफीसर को अधिकृत किया गया है।

# कसाईखाने जा रही 52 गोवंश को पुलिस ने बचाया, तीन गिरफ्तार



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

बुधवार की रात्रि में ग्राम प्यार खेड़ी से 52 गोवंश को कसाई के हवाले करने के लिए गांव के मरघट साल के पास ट्रैक में भरते हुए पुलिस ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं दीपना खेड़ा पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में मवेशियों को भरने का काम किया जा रहा है।बाद थाना प्रभारी अनुज प्रतापसिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर यहां टीम बनाकर गांव में पहुंचकर छापामारी करवाई करके ट्रक में गोवंश को भरते हुए पड़ा इसके बाद ट्रक चालक और गोवंशको लेकर जाने जाने वाला कसाई भी मौके से गाय मिला पर इनको भरवाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। सभी 52 गोवंश को दीप ना खेड़ा गौशाला में छुड़वा दिया। दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह बताया कि कसाई के पास भेजना के लिए गोवंश को भरवाया जा रहा था इनको भरवाने आरोपी शिवराज लोधी, रामकरण लोधी, गुलशन खान को गिरफ्तार कर लिया है । ट्रक भोपाल के जावेद खान के नाम पर दर्ज है चालक और अन्य साथी भी नहीं मिले इन सभी की तलाश कर रहे हैं। पशु क्रूरता अधिनियम तथा मध्यप्रदेश पाशुवंध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही मामला सामने आने के बाद बताया जा रहा है की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा मवेशियों को कसाई के पास भेज करछुटकारा पाने के लिए इस तरह से मवेशियों को कसाई को दे रहे थे। पकड़े गए आरोपियों कहा रहे हैं कि हम तो इनको जंगल पहचानें के लिए ट्रक से छुड़ा रहे थे। ऐसा करना था तो रात के अंधेरे में कसाई के ट्रक में ही इनको क्यों भरवारा रहा रहा था यह भी सवाल खड़ा हो रहा है।

## प्रजापति बने प्रदेश मीडिया प्रभारी



**सिरोंज।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक में रघुवीर प्रजापति को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा जिले अध्यक्ष बनाया गया इसके बाद समर्थकों में हर्ष का महौल है। वही राष्ट्रीय मुख्य महासचिव आचार्य महावीर सिंह शास्त्री ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष देशराज प्रजापति दिल्ली, मध्य प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री सतीश अहेलिया ने रघुवीर प्रजापति को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ का प्रदेश मीडिया प्रभारी साथ में विदिशा जिले का जिला अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी इस नियुक्ति से प्रजापति समाज में प्रजापति समाज के हक अधिकार मिलने की संभावना जागी बधाई देने वालों में शिवचरण प्रजापति लटेरी, बलराम प्रजापति, मुकेश प्रजापति, नर्मदा प्रसाद प्रजापति सभी समाज बंधुओ ने बधाई दी।

## आज ग्रामीणों की समस्याओं दूर करने के लिए, विधायक की मौजूदगी में लगेगा शिविर

**सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नवीन बस स्टैंड पर आयोजित होगा शिविर में विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकगणों की समस्याओं के निदान के लिए होगा।



विधायक शर्मा की पहल पर आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास, पेंशन,नामांतरण,बटबारे,के साथ राजस्व सहित सभी विभागों के पृथक से काउंटर लगाए जावेंगे जिन पर संबंधित विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।जिन पर हितग्राहियों के आवेदन जमा किए जाएंगे।

## भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने मतदान केन्द्र का जायजा लिया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने गुरूवार को विदिशा जिले की विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 96 रंगई का भ्रमण कर मतदाता सूची का जारी विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और घटाने तथा निवास स्थल परिवर्तन के लिए निर्धारित प्रपत्र क्रमशः फार्म 6, 7 एवं 8 के तहत ऑन लाइन, आफ लाइन प्राप्त आवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त की है।

संभागायुक्त श्री सिंह के निरीक्षण दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह भी साथ मौजूद रहें। रंगई की शासकीय प्राथमिक शाला भवन में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 96 के बीएलओ श्री बृजेन्द्र सिंह राणा ने मतदान केन्द्र से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया



है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र पर कुल 1179 मतदाता है जिसमें 600 पुरूष, 579 महिला मतदाता शामिल है। अभियान के दौरान 18 साल के नवीन 21 मतदाता जोड़ने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है अब तक फार्म छह के छह आवेदन तथा सात व आठ के क्रमशः दो-दो आवेदन आफ लाइन प्राप्त हुए है वहीं नाम जोडने के लिए ऑन लाइन छह आवेदन व आफ लाइन पांच आवेदन प्राप्त हुए है।

## वार्ड 16 में चला सफाई अभियान

**सिरोंज।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड क्रमांक 16 में विशेष रूप से सफाई कार्य करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना एवं वार्ड पार्षद तोषी मंणी पंथी ने मौके पर खड़े होकर हाई स्कूल के सामने के नाले की सफाई कराई गई जिसमें गधे का बच्चा गिर जाने के कारण घायल हो गया



था उसको भी नगर पालिका द्वारा सावधानी पूर्वक बाहर निकाल कर उसका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना द्वारा पशु चिकित्सालय पहुंच कर उपचार कराया गया। एवं वार्ड 16 की अन्य मोहल्ले में सफाई संबंधित शिकायतों का भी मौके पर चर्चा करके अधिकारियों के द्वारा निराकरण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया गया कि निकाय ने शहर वासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है उस पर शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण करने के लिए टीम काम करती है शहर की लोग उस पर अपनी समस्या बात इसका लाभ ले सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों ने सुझावो से अवगत कराया

# मतदाता सूची में दर्ज होने से कोई भी मतदाता वंचित ना रहे : संभागायुक्त

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा रोल प्रेक्षक एवं भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विदिशा जिले में क्रियान्वित मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है। कलेक्टेउ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त समीक्षात्मक बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ-साथ कलेक्टरी रौशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह, एसएलआर श्रीमती कृष्णा रावत के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रोल प्रेक्षक एवं भोपाल संभागायुक्त को विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में फोटो निर्वाचक नामावलियों के जारी विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम की बिन्दुवार जानकारी दी जिसमें एक जनवरी 2025 की आर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम



का क्रियान्वयन, जिले की पांचो विधानसभाओं के मतदान केन्द्रो, संशोधित मतदान केन्द्र, प्रोजेक्ट पापुलेशन वर्ष 2025के मान से कुल मतदाता, जेण्डर, ईपी रेशो, पीडब्ल्यूडी व 85 प्लस तथा सर्विस मतदाताओं की अद्यतन स्थिति के अलावा ईआरो नेट पर दर्ज आवेदन फार्म 6,7 एवं 8 तथा फार्म छह के अंतर्गत 18 से 19 आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या, विशेष केम्प में प्राप्त दावे आपत्तियों से अवगत कराया गया है इसके अलावा राजनैतिक दलो के साथ पूर्व बैठक में मुहैया कराई गई निःशुल्क सामग्री जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलो को फोटोयुक्त मतदाता सूची की एक-एक प्रति, मतदाताओं से संबंधित समस्त जानकारी का फोल्डर, फोटो रहित एक-एक सीडी, साफ्ट कॉपी के सेट तथा पांचो विधानसभाओं के मतदान केन्द्रा का एक-एक सेट उपलब्ध कराया गया है।

**कलेक्टर ने विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रस्तुत की**

विदिशा जिले में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के उपरांत संचालित होने वाली स्वीप गतिविधियों के लिए तिथिवार निर्धारित गतिविधियां और कैलेण्डर के अलावा निर्वाचन आयोग से प्राप्त सामग्री का सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया के अलावा विभिन्न प्रकार के अन्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिसमें नुक्कड नाटक, ईएलसी क्लब द्वारा नवीन भावी मतदाताओं के नाम जोडने के लिए विशेष प्रयास संबंधी कार्यक्रम के अलावा राज्य के जैण्डर रेशो और जिले का जेण्डर रेशो अंतर्गत महिला मतदाताओं को जोडने के लक्ष्य और अब तक प्राप्ति के अलावा डोर-टू-डोर सर्वे में नवीन भावी मतदाता 18 से 19 आयु के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोडने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रस्तुत की गई है।

**बकरी पालन केन्द्र का भ्रमण**

विदिशा भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने विदिशा प्रवास के दौरान शासकीय योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राही के इकाई यूनिट का भ्रमण कर जायजा लिया है। इस दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह भी साथ मौजूद रहें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम अमाछर में राष्ट्रीय पशुधन मिशन (उद्यमिता विकास) योजना से लाभांवित हितग्राही की इकाई का जायजा लिया है। लाभांवित हितग्राही अवधेश यादव के द्वारा बकरी पालन इकाई अंतर्गत 536 पशुओं का पालन किया जा रहा है।

# फीफा विश्व कप चैंपियन: अर्जेंटीना के साथ अगले साल भारत आएंगे लियोनल मेसी

## केरल में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी टीम, 14 साल पहले एकमात्र बार भारत आए थे



**नई दिल्ली, एजेंसी**

फीफा विश्व कप विजेता टीम अर्जेंटीना और उसके स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी 14 साल के लंबे अंतराल के बाद भारत आएंगे। केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहीमन ने बताया कि मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी। अब्दुरहीमन ने कहा कि यह मैच केरल सरकार आयोजित कराएगी। मेसी अंतिम बार 2011 में भारत आए थे, तब अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया था।

### ओटामेंडी के गोल से जीता था अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच दो सितंबर, 2011 को खेला गया वह मैच मेसी की टीम ने 1-0 से जीता था। मेसी के असिस्ट पर निकोलस ओटामेंडी ने निर्णायक गोल दागा था। तब मेसी ने भारत दौरे की काफी तारीफ की थी और कहा था कि इसने उनके दिल पर गहरी छाप छोड़ी है।

### कई दिग्गज कर चुके हैं भारत का दौरा

मेसी के अलावा डेविड बेकहम, पेले, डिएगो माराडोना, ओलिवर कान, जिनेदिन जिदान और एमिलियो मार्टिनेज जैसे दिग्गज फुटबॉलर भी भारत का दौरा कर चुके हैं। **डोनोवन की बराबरी:** मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा असिस्ट करने के अमरीका के लैंडन डोनोवन के रेकॉर्ड की बराबरी कर ली। डोनोवन और मेसी ने 58 असिस्ट किए हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट इंडिया 150 पर हुई ऑलआउट

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: पंत को जीवनदान, पैट कमिंस से कैच छूटा

**पर्थ.एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया है। शुक्रवार को मुकाबले का पहला दिन है और दूसरा सेशन जारी है। टीम इंडिया पहली पारी 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मिचेल मार्श ने वॉशिंगटन सुंदर (4 रन) और ध्रुव जुरेल (11 रन) को पवेलियन भेजा। केएल राहुल (26 रन) और यशस्वी जायसवाल (शून्य) को मिचेल स्टार्क ने आउट किया। जबकि जोश हेजलवुड ने विराट कोहली (5 रन) और देवदत्त पडिक्कल (शून्य) के विकेट लिए। भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 40वें ओवर की दूसरी बॉल पर नीतीश रेड्डी ने 2 रन लेकर टीम का स्कोर 100 पार कराया। 39वें ओवर की चौथी बॉल पर ऋषभ पंत को भी जीवनदान मिला। पंत ने मिडिल-



लेग स्टंप की गुड लेंथ बॉल पर बड़ा शॉट खेलना चाहा, लेकिन मिडऑन के पास गई, जहां कप्तान पैट कमिंस ने कैच ड्रॉप कर दिया। भारत ने पारी के 11वें ओवर में दूसरा विकेट गंवा दिया है। यहां देवदत्त पडिक्कल आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। पडिक्कल ने 23 बॉल का सामना किया, लेकिन खाता नहीं खोल सके। हेजलवुड ने ओवर की आखिरी बॉल गुड लेंथ पर रखी, जो ऑफ स्टंप से बाहर की ओर स्विंग कर रही थी।

### कोहली 5 रन बनाकर आउट, हेजलवुड को दूसरा विकेट

भारत ने पारी के 17वें ओवर में 32 रन पर तीसरा विकेट गंवाया। यहां विराट कोहली 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच कराया। हेजलवुड ने शॉर्ट लेंथ बॉल डाली, जो अतिरिक्त उछाल के साथ कोहली तक पहुंची। कोहली ने इसे शरीर के पास से खेला लेकिन बॉल बल्ले के बाहरी हिस्से में लगकर ख्वाजा के पास चली गई।

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में हुई स्पर्धा

# इंडिया ओपन प्रतियोगिता में एमपी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 19 से 28 नवंबर तक आयोजित इंडिया ओपन राइफल एवं पिस्टल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 1. 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल सीनियर महिला वर्ग - स्वर्ण पदकर आराध्या मिश्रा स्कोर 284), मध्यप्रदेश रजत पदक काव्या कोचर स्कोर 280), जम्मू.कश्मीर कांस्य पदकर स्वाति ज्ञानेश्वर तपकीर स्कोर 274) महाराष्ट्र 2. 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर महिला वर्ग स्वर्ण पदकर आराध्या मिश्रा स्कोर 284), मप्र रजत पदकर इशमीत कौर गर्चा स्कोर 279), पंजाब कांस्य पदकर कनक स्कोर 273), हरियाणा 3. 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग, स्वर्ण पदकर दक्ष शर्मा ;स्कोर 289), उत्तरप्रदेश रजत पदकर कार्तिक कौशिक स्कोर 280), चंडीगढ़ कांस्य पदक शुभ अग्रवाल स्कोर 279)। उल्लेखनीय है कि संचालनालय खेल और युवा कल्याणए मण्प्रण् और भारतीय राष्ट्रीय



रायफल महासंघ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन मप्र राज्य शूटिंग अकादमी ग्राम गौरा भोपाल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देश भर के शूटिंग रायफल के 1719 और पिस्टल के 4780 सहित कुल 6499 खिलाड़ी प्रतिभागिता कर रहे है। प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी सीधे राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए पात्रता प्राप्त करेंगें।

# भारतीय टीम ने फाइनल में 1-0 से जीत दर्ज की

## महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

**पटना.एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रेकॉर्ड तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली। 2016 और 2023 में चैंपियन बनने वाली भारतीय टीम ने द. कोरिया के रेकॉर्ड तीन खिताब जीतने की बराबरी कर ली। फाइनल में मौजूदा चैंपियन भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 की रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराया। खास यह रहा कि भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहकर चैंपियन बनीं। चीन के खिलाफ भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल दीपिका सहरावत ने 31वें मिनट में दागा। दीपिका टॉप स्कोरर रहीं, जिन्होने 11 गोल अपने नाम किए। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# एक्टिंग से रिटायरमेंट नहीं लेंगे नाना पाटेकर, बोले- 'पागल हो जाऊंगा या किसी को मार डालूंगा'

नाना पाटेकर फिल्म वनवास से बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। उन्होंने एक्टिंग न छोड़ने की बात कही है। साथ ही कहा कि अगर वे एक्टिंग नहीं करेंगे तो या तो पागल हो जाएंगे या किसी को मार भी सकते हैं। नाना पाटेकर को सिनेमा की दुनिया का सबसे शानदार अभिनेता माना जाता है। वे दशकों से फिल्म जगत में काम कर रहे हैं। अभी भी उनके अंदर काम करने का जोश बरकरार है। नाना पाटेकर अपनी फिल्म वनवास के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए वे कई जगहों पर जा रहे हैं। अनिल कपूर ने बातचीत में नाना पाटेकर से पूछा कि वे फिल्मों से रिटायरमेंट लेना चाहते हैं? इसके जवाब में नाना पाटेकर ने कहा, वे रिटायरमेंट की बात को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं कैसे रिटायर हो सकता हूं? अगल-बगल (हमारे आस-पास) में इतना कुछ हो रहा है, इतना प्रदूषण, इतनी घुटन। वहीं, एक्टिंग से उन्हें एक लक्ष्य और एक अलग तरह की शांति मिलती है। नाना पाटेकर ने कहा कि वे जिस तरह से अपना भविष्य देखते हैं, वो थोड़ा सा अलग है। उन्होंने कहा कि अगर उनके पास काम नहीं होगा तो वे कैसे जिएंगे। उन्होंने कहा कि शायद वे मर जाएं, शायद पागल हो जाएं या किसी को मार दें। वो नहीं जानते कि एक्टिंग छोड़ने पर क्या होगा। काम उनके जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन गया है और उनकी मानसिक शांति के लिए महत्वपूर्ण है। मजाक में कहा कि रिटायर होना 'मुश्किल' होगा क्योंकि उनके घर के लोग उन्हें बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। नाना पाटेकर को उनके अलग अंदाज और फिटनेस के लिए जाना जाता है। नाना पाटेकर अब फिल्म वनवास में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ उत्कर्ष शर्मा भी दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन और निर्माण अनिल शर्मा ने किया है।

# अब भी नहीं कम हो रहा रूह बाबा का जादू, तीन हफ्तों में बटोर डाले करोड़ों रुपए

फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की अदाकारी की सराहना हो रही है। आइए जानते हैं कि तीन हफ्तों में फिल्म ने कितने करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन नजर आ रही हैं। वहीं फिल्म में तृप्ति डिमरी, संजय मिश्रा और विजय राज भी हैं। इस फिल्म में सभी की अदाकारी की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दिवाली के एक दिन बाद रिलीज किया गया था और यह फिल्म दर्शकों के दिलों में पूरी तरह से बस गई है। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये के आस-पास बताया जा रहा है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 158.25 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि दूसरे हफ्ते में इसका कलेक्शन 58 करोड़ रुपये रहा। फिल्म ने तीसरे हफ्ते में भी अपना प्रदर्शन बनाए रखा, और 21वें दिन एक करोड़ 57 लाख रुपये का कारोबार किया। कुल मिलाकर, तीन हफ्तों में भूल भुलैया 3 ने बॉक्स ऑफिस पर 239.57 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। रिलीज के समय बॉक्स ऑफिस पर भूल भुलैया 3 की अजय देवगन की सिंघम अगेन से कड़ी टक्कर हो रही थी। हालांकि, भूल भुलैया 3 ने अपनी शानदार कमाई से सिंघम अगेन को पीछे छोड़ दिया है। अब यह फिल्म कमाई के मामले में भी एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। कार्तिक की फिल्म जहां सुपरहिट होने की ओर बढ़ रही है। वहीं, सिंघम अगेन अब फ्लॉप होने की कगार पर पहुंच चुकी है। भूल भुलैया 3 की स्टार कास्ट ने फिल्म की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की बेहतरीन अदाकारी ने फिल्म को और भी खास बना दिया है। कार्तिक आर्यन ने अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया।

# इम्तियाज ने कास्टिंग काउच पर कह दी बड़ी बात, बोले- समझौते से रोल की गारंटी नहीं मिलती...

मशहूर फिल्मकार इम्तियाज अली ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच से जुड़े मुद्दे पर हाल ही में अपनी राय जाहिर की। गोवा में आयोजित इफ्फी (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस धारणा पर अपने विचार रखा कि क्या व्यक्तिगत सीमाओं को पार करके फिल्म इंडस्ट्री में सफलता प्राप्त की जा सकती है? उन्होंने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री में निर्देशक के तौर पर 15-20 साल से काम कर रहा हूं, इसलिए मैंने कास्टिंग काउच के बारे में काफी सुना है। एक लड़की आती है, डरती है और महसूस करती है कि उसे समझौता करना पड़ेगा। लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर कोई लड़की या महिला 'न' नहीं कह पाती है, तो यह जरूरी नहीं कि उसका करियर आगे बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा नहीं है कि अगर कोई लड़की समझौता कर ले, तो उसे कोई रोल जरूर मिल जाएगा। उन्होंने आगे कहा, अगर कोई लड़की 'नहीं' कह सकती है और खुद को सम्मान देती है, तो तभी दूसरे भी उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कास्टिंग से संबंधित निर्णय अक्सर इस बात पर आधारित होते हैं कि क्या फिल्मकार उस व्यक्ति को गंभीरता से ले रहे हैं। इम्तियाज ने कहा, हम जैसे लोग अक्सर यह सोचते हैं कि क्या हमें उस व्यक्ति को गंभीरता से लेना चाहिए या नहीं। हमें उसे कास्ट करने से पहले उसका सम्मान करना चाहिए। इम्तियाज अली आगे अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, समझौता करने से फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलती है, यह एक मिथक है और इसे समझना जरूरी है। मेरे अनुभव में तो यह बिल्कुल उल्टा है।





## मेट्रो बाजार

# विदेश से मंगाए सोने पर होगा शुद्धता का निशान, सभी पर होगा हॉलमार्क

**नई दिल्ली. एजेंसी**

सोने की उच्च शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार जनवरी, 2025 से सभी तरह के सोने पर हॉलमार्क अनिवार्य करने जा रही है। आयात किए जाने वाले सोने से लेकर सोने का कारोबार करने वाले ज्वैलर्स और बुलियन की ओर से खरीदे गए सोने पर भी हॉलमार्क आवश्यक होगा। यानी नए साल से आभूषणों निर्माण में उपयोग किए जाने वाले सोना सर्राफा (गोल्ड बुलियन) पर भी हॉलमार्किंग अनिवार्य होगा। इसे चरणबद्ध तरीके से देशभर में लागू किया जाएगा। इस मामले से जुड़े सभी हितधारकों ने इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। अभी तक ग्राहक को बेचे जाने



वाले सोने के आभूषणों, सिक्कों और अन्य कलाकृतियों पर ही हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया गया है। अब सरकार सोने की खरीद बिक्री की हर प्रक्रिया में शुद्धता सुनिश्चित करना चाहती है, इसलिए आयात किए जाने वाले सोने से लेकर ज्वैलर और बुलियन की ओर से देश के अंदर कहीं से भी खरीदे जाने वाले सोने पर भी हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने की तैयारी है। गोल्ड बुलियन पर हॉलमार्किंग को लेकर बनी समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। दिसंबर तक इसके नियम तय हो सकते हैं। हॉलमाक से ग्राहक जान पाएंगे कि आभूषण बनने से पहले सोना कितना खरा था और आभूषण बनने के बाद उसकी गुणवत्ता में कितना अंतर आया। पहले से ही 14 कैरेट, 18 कैरेट, 22 कैरेट, 23 कैरेट और 24 कैरेट से बने आभूषणों और कलाकृतियों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य है। सूत्रों के मुताबिक, नए नियमों के तहत ज्वैलर्स की ओर से अपने उपयोग के लिए तैयार ज्वैलरी या कलाकृति को हॉलमार्किंग के अनिवार्य नियमों से बाहर रखा जा सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह नियम लागू करने को लेकर कई दिक्कतें हैं। अभी देश के सभी हिस्सों में हॉलमार्किंग केंद्र ही उपलब्ध नहीं है। बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन ने कहा, केंद्र सरकार हॉलमार्क के नाम पर राजस्व और निगरानी बढ़ाना चाहती है। वर्तमान में प्रति पीस 52 रुपए हॉलमार्क फीस लिया जा रहा है, लेकिन अभी तक देश के करीब आधे जिलों में हॉलमार्क की सुविधा नहीं है।

# कम भाव पर गुड़ में मौसमी मांग, शकर में मंदी

**इंदौर. एजेंसी**

मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र में गुड़ का उत्पादन बढ़ने के साथ दाम कम होने से घरेलू बाजार में भी भाव कम हुए है। कम भाव पर गुड़ में ठंड की ग्राहकी बेहतर निकल आई है। गुड़ व्यापारी रमेश सचदेव ने बताया कि मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की मंडियों में उत्पादन बेहतर हो रहा है, जिससे दाम कम हुए है। यूपी तरफ भाव स्थिर है। बाजार में मौसमी मांग बढ़ गईहै। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी गजक वालों की खरीदी और बेहतर निकल आएंगी।

### आयात बढ़ने से सोया तेल में नरमी

विदेशी बाजारों में भाव नरम होने के साथ आयात बढ़ने से घरेलू बाजार में सोया तेल के भाव में नरमी दर्ज की गई। सोयाबीन के भाव में आई मंदी का असर भी तेल की कीमतों पर पड़ने लगा है।



बताया जा रहा है कि विदेशों से भारत में क्रूड पाम तेल, आरबीडी पामोलीन, क्रूड डिगम्ड सोयाबीन तेल तथा क्रूड सूरजमुखी तेल का नियमित रूप से आयात हो रहा है जिससे भारतीय बंदरगाहों पर इसका अच्छा खासा स्टॉक उपलब्ध रहता है। इसके साथ-साथ पाइप लाइन में भी खाद्य तेलों का भारी स्टॉक मौजूद रहता है जिसे घरेलू बाजार में उतारा जाता है।

### राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घटित हुईं आत्महत्या की घटनाएं

# पुताई ठेकेदार ने फांसी लगाकर की जीवनलीला खत्म



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर मल्टी में पुताई ठेकेदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह करीब छह बजे नींद खुलने पर पत्नी ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए थे, लेकिन ठेकेदार की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस के अनुसार अजय चौहान पिता श्रीराम चौहान (35) पीसी नगर मल्टी में रहते थे और पुताई का ठेका लेते थे। मूलतः हरदा के रहने वाले अजय चौहान की शादी 12 साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी पूजा गृहणी है। परिवार में दो बच्चे हैं। पूजा ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम रोज की तरफ अजय काम से घर लौटे थे। रात में परिवार के साथ खाया खाया और अपने कमरे में सो गए।

रात में उठे और दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सुबह वह पानी भरने के लिए करीब छह बजे उठी थी, तभी उसने पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा और उसकी चीख निकल गई। परिजन ने बताया कि अजय किसी तरह से परेशान नहीं था। वह मोबाइल भी नहीं रखता था।

## वाइन शॉप के ड्राइवर ने टायलेट में लगाई फांसी

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला वाइन शॉप पर पीछे खाली पड़े प्लॉट पर बने टायलेट में ड्राइवर ने फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह करीब पौने 12 बजे उसकी लाश कर्मचारियों ने टायलेट के रोशनदान पर रस्सी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।पुलिस के अनुसार अनिल कुमार अहिरवार पिता प्यारेलाल (40) लांबाखेड़ा में रहता था। अनिल डीआईजी बंगला स्थित वाइन शॉप की बोलेरो गाड़ी चलाता था। गुरुवार सुबह वह काम पर आया था। करीब साढ़े 11 बजे के आसपास कर्मचारियों को काम से जाना था। उन्होंने अनिल को कॉल किया, लेकिन बार बार कॉल करने पर भी अनिल ने कॉल रिसीव नहीं किया। कर्मचारी उसे लगातार कॉल कर रहे थे और मोबाइल की रिंग की आवाज उन्हें खाली प्लॉट पर बने टायलेट की तरफ आई। वे टायलेट तक पहुंचे तो अनिल का शव टायलेट में रोशनदान पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। करीब एक बजे के आसपास कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए पहुंचा दिया।

## प्रापर्टी डीलर पर अज्ञात लड़कों ने किया हमला मारपीट के दौरान मोबाइल भी गिरा



**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला कलारी के पास देर रात दो अज्ञात बदमाशों ने प्रापर्टी डीलर पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। हमले में फरियादी के माथे व गाल पर गंभीर चोट आई है। हमले के दौरान प्रापर्टी डीलर का मोबाइल भी गिर गया। फरियादी को संदेह है कि हमला करने वाले आरोपी ही उसका मोबाइल लेकर भागे हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक जनता नगर कॉलोनी निशातपुरा निवासी चांद मियां (45) प्रापर्टी ब्रोकर हैं। विगत 20 नवंबर की रात करीब डेढ़ बजे शराब पीकर रोजाना की तरह काजीकैम्प पहुंचे और वहां एक पान की दुकान से पान खाने के बाद डीआईजी बंगला कलारी के सामने लघुशंका के लिए रुक गए। उसी समय दो अज्ञात लडड़े वहां आ धमके और चांद मियां को गालियां देने लगे। विरोध करने पर एक लडड़े ने किसी नुकीली व धारदार चीज से हमला कर दिया। हमले में प्रापर्टी डीलर की बांयी आंख के नीचे गाल व आंख के ऊपर माथे पर चोट आ गई। इस दौरान उनका मोबाइल भी वहीं कहीं गिर गया।

फरियादी चांद मियां का कहना है कि करीब दस साल तक उन्होंने एक महिला को अपने पास रखा था। दो साल पहले उसे छोड़ दिया। अब वो महिला किसी मैकेनिक के साथ निशातपुरा इलाके में रह रही है। आठ-दस दिन पहले उक्त महिला की वजह से चांद मियां का मैकेनिक से झगड़ा हुआ था। फरियादी को संदेह है कि मैकेनिक ने ही उस पर हमला करवाया है। मोबाइल भी वहीं लड़के लेकर भाग हैं।

# 5 लाख तक की ठगी की शिकायत थाने में हो सकेगी दर्ज

### अब सभी थानों में 1 दिसंबर से होगी साइबर डेस्क

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पुलिस कमिश्नरेट भोपाल के सभी थानों में 1 दिसंबर से साइबर डेस्क शुरू किए जा रहे हैं। थानों में 5 लाख रुपए तक की साइबर ठगी की शिकायत पीड़ित दर्ज करा सकेंगे। पुलिस का मानना है कि जल्द शिकायत होने से पीड़ित का पैसा साइबर पुलिस जल्द होल्ड करा सकेगी। इसके साथ ही रिफंड होने की संभावनाएं काफी बड़ जाएगी। अभी साइबर ठगी के पीड़ितों को साइबर शाखा में जाकर शिकायत दर्ज करानी पड़ती थी। जब तक पीड़ित साइबर शाखा तक पहुंचता था, तब तक जालसाज उसके ठगी के पैसों को ठिकाने लगा देते थे। लिहाजा देरी से बचने के लिए थानों में ही सायबर डेस्क शुरू किया गया है। साइबर डेस्क शुरू होने से पहले पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। गुरुवार को पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने 6 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को एडिशनल डीसीपी, टीआई, एसीपी को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हर थाने के 10-10 पुलिसकर्मियों को पहले सेशन में ट्रेनिंग दी जाएगी। अधिकारी-कर्मचारियों को साइबर से जुड़े पोर्टल के बारे मे प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसमें साइबर क्राइम की रोकथाम, टेक्निकल एनालिसिस, पब्लिक अवेयरनेस, इन्वेस्टिगेशन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।




## नकबजन गिरोह के सरगना से 1 लाख के जेवरात किए बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अयोध्या नगर पुलिस ने नकबजन गिरोह के सरगना को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी के तीन साथी पहले पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सरगना गिरोह के साथ मिलकर देश के विभिन्न राज्यों में चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसकी तलाश दूसरे कई राज्यों की पुलिस को भी थी। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि राहुल राजपूत नरेला शंकरी में रहते हैं और पैथालाजी का संचालन करते हैं। बीती 3 जून को वह अपने मकान पर ताला लगाकर बहन का इलाज कराने के लिए रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल चले गए थे। शाम को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश घर में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पिछले दिनों मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस की एक टीम राजस्थान भेजी गई थी। टीम ने आरोपी पन्नालाल सोनी (54) निवासी भिनाय, जिला केकड़ी राजस्थान को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया करीब एक लाख रुपए का माल बरामद हुआ है।

### गौतम नगर थाना क्षेत्र का मामला

## रिक्शा चालक पर चाकू से हमला, चेहरे पर गंभीर चोट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला के पास बैठकर शराब पी रहे ई रिक्शा चालक पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। दरअसल, रिक्शा चालक और बदमाश परिचित है और साथ बैठकर पी रहे थे। इसी बीच बदमाश ने गाली गलौज कर दी। गाली देने से मना करने पर बदमाश ने रिक्शा चालक पर हमला कर दिया। चाकू गाल पर लगने से उसे गंभी चोट आई है। पुलिस के अनुसार 26 साल का शाहरुख अली, शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहता है और ई रिक्शा चलाता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार सुबह वह डीआईजी बंगला चौराहा पहुंचा। वहां आकाश जला, इमरान, मच्छी, और अंकित टकलू मिले। सभी शाहरुख के परिचित है। वह उनके साथ काका की दुकान के सामने बैठकर शराब पीने लगे। इस दौरान अंकित टकलू से शराब पीने के बात को लेकर शाहरुख की बहस हो गई। बहस बड़ने पर अंकित टकलू गालीगलौज करने लगा। शाहरुख ने गाली देने से मना किया तो अंकित ने अपने पास रखा चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू शाहरुख के गाल पर बाएं तरफ लगा है, जिससे उसे गहरा घांव है।

## मनुवाभान टेकरी पर बैठे बदमाश ने किया फायर



**भोपाल।** सोशल मीडिया में बदमाश समीर बच्चा का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में वह पिस्टल से फायर करते हुए नजर आया है। वीडियो पांच-छह दिन पुराना मनुवाभान टेकरी का बताया जा रहा है। बताया गया कि 17 नवंबर को आरोपी ने इलाके में रहने वाले 9वीं के छात्र के साथ मारपीट की थी। इस मामले में टीला जमालपुरा पुलिस ने समीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। आरोपी को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## संपर्क क्रांति के एसी कोच में सीआरपीएफ जवान का बैग चोरी, कई मोबाइल भी पार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सफर कर रहे सीआरपीएफ जवान का ट्राली बैग अज्ञात बदमाश ने चुरा लिया। बैग में करीब 50 हजार का सामान था। इधर सफर के दौरान अन्य यात्रियों की मोबाइल चोरी हुए है। जीआरपी ने सभी मामलों में चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार केरल निवासी मुकेश कृष्णनहार सीआरपीएफ में पदस्थ हैं। वह भोपाल से पुणे की यात्रा करने के लिए स्टेशन पहुंचे। ट्रेन के एसी कोच में चड़ने के बाद उन्होंने अपना ट्राली बैग गेट के पास रख दिया। ट्रेन चलते ही नजर पड़ी तो उनका बैग चोरी हो चुका था। बैग में आईडी कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, हेल्थ कार्ड, वर्दी, सोने की चेन समेत करीब 50 हजार का सामान रखा था। इसी प्रकार राजस्थान के श्याम सिंह प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में इंदौर से खजुराहो की यात्रा कर रहे थे। संत हिरदाराम नगर स्टेशन के पास देखा तो उनकी पैंट की जेब में रखा 30 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। इधर मथुरा उत्तर प्रदेश निवासी हरनरेश सिंह राजधानी एक्सप्रेस से बैंगलोर से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। भोपाल स्टेशन पर उनका एक बैग चोरी हो गया। बैग में नए कपड़े, लैपटाप आईटम, जरूरी कागजात, मूवमेंट आर्डर समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

### तमिलनाडू एक्सप्रेस में दो लोगों के मोबाइल चोरी

जनपद पोलूर तमिलनाडू निवासी एम कमलेश तमिलनाडू एक्सप्रेस में चैन्नई से दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान भोपाल रेलवे स्टेशन पर उनका एक मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है। इसी प्रकार एस नाथिन तमिलनाडू संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में मदुरई से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। नागपुर से भोपाल स्टेशन के बीच किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है।

जीआरपी ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रेन चलते ही चोरी हुआ मोबाइल भोपाल निवासी कंचनबाई ने बताया कि उनका बेटा अमित ओवर नाईट एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से नरसिंहपुर जा रहा था। स्टेशन से ट्रेन चलने के पांच मिनट बाद ही अमित की जेब में रखा 20 हजार रुपये कीमत का मोबाइल चोरी हो गया। इसी प्रकार कटनी निवासी अश्वनी कुमार गौतम भोपाल से उज्जैन जाने के लिए मालवा एक्सप्रेस में बैठने के लिए जा रहे थे। इसी बीच किसी ने उनकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपये बताई गई है। सोते समय चुराया मोबाइल फोन विदिशा निवासी प्रवीण गायकवाड़ कामायनी एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से विदिशा जा रहा था। रास्ते में उसे नींद लग गई। इसी दौरान किसी ने जेब में रखा 25 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इसी प्रकार पंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से छिंदवाड़ा की यात्रा कर रहे राजू घोड़से की जेब से किसी ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, नगदी 1100 सौ रुपए रखे हुए थे। सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

## टीचर पर लगाया शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल में एक छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा शारीरिक शोषण करने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही आयोग ने मामले में रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, शहर के जहांगीराबाद क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली 27 वर्षीय छात्रा जिस कोचिंग में पड़ने के लिए जाती थी। वहां पर पड़ाने वाले टीचर से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया।

तीन साल पहले टीचर ने छात्रा को शादी का झांसा दिया तथा शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों जब टीचर ने शादी करने से मना कर दिया तो छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी।

## डीआईजी ने एसपी देहात कार्यालय निरीक्षण किया

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

डीआईजी ग्रामीण रेंज ओमप्रकाश त्रिपाठी ने गुरुवार को एसपी देहात कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने दरबार लगाकर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। ड़ीआईजी त्रिपाठी सुबह करीब साड़े आठ बजे निरीक्षण के लिए कार्यालय पहुंचे। वार्षिक निरीक्षण परेड पर एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा, एएसपी डॉ नीरज चौरसिया, एसडीओपी मंजू चौहान, प्रिया सिंधी, रक्षित निरीक्षक श्याम किशोर झरवड़े के साथ ही जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं 85 अधीकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। परेड के दौरान रक्षित निरीक्षक द्वारा सलामी दी गई। डीआईजी ने अच्छी वेशभूषा एवं टर्नआऊट वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। परेड निरीक्षण के बाद डीआईजी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मेलन में उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीआईजी ने कहा कि यूनिफॉर्म पहनते समय निर्धारित मापदंड का पालन करें, जनता से व्यवहार अच्छा हो, साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट जागरूकता कार्यक्रम चलाएं, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## ग्राहक बनकर पहुंचे बदमाश ने काउंटर से 80 हजार चुराए, टीबी अस्पताल में ऐसी के आउटर चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मनोरंजन शादी हाल के पास अज्ञात बदमाश ने टाइल्स की दुकान से अस्सी हजार रुपए की नगदी चुरा ली। आरोपी दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचा था। शातिर बदमाश ने चोरी से पहले सीसीटीवी कैमरे के केबल भी काट लिए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रहा है। पुलिस के अनुसार अभिनव जैन पारसनाथ कालोनी में रहते हैं और विदिशा रोड पर मनोरंजन शादी हाल के सामने टाइल्स की दुकान चलाते हैं। बीती 18 नवंबर को दोपहर करीब ढाई बजे वह दुकान पर बैठे थे, तभी एक युवक टाईल्स खरीदने के बहाने पहुंचा। अभिनव उसे टाइल्स दिखाने लगे। टाइल्स पसंद करने के बाद वह अपने घर वालों को दुकान पर आने की बात कहते हुए उनका इंतजार करने लगा। इसी गोदाम पर एक गाड़ी आई जिसका माल अनलोड करवाना था। अभिनव कुछ मिनट के लिए गाड़ी के पास पहुंचे और वापस आकर काउंटर पर बैठ गए। इस दौरान पहले से बैठा युवक वहां से जा चुका था। उन्होंने अपनी दराज देखी तो उसमें रखे 80 हजार रुपये गायब थे। उसके बाद सीसीटीवी कैमरों को चैक करने का प्रयास किया तो पता चला कि उसके वायर कटे हुए हैं। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

### टीबी अस्पताल से एसी का सामान गायब

इधर, शाहजहांनाबाद स्थित टीबी अस्पताल से चोर एसी का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक सुनील दुबे (40) निशातपुरा में रहते हैं और टीबी अस्पताल में स्टोर सहायक हैं। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे स्टोर में काम करते समय उन्हें आवाज आई तो वह बाहर निकले और देखने के लिए पीछे साइड पहुंचे। यहां पता चला कि दीवार की खिड़की पर लगे एसी का आउटर पंखा गायब है। बाद में उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए सामान की कीमत करीब 2 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मेट्रो एंकर

### अतिक्रमण की शिकायत करने पर एक-दूसरे के साथ की मारपीट

# निगम कर्मचारी ने दुकानदार का फोड़ दिया सिर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित करबला में अतिक्रमण की शिकायत करना नगर निगम के फोटोग्राफर को महंगा पड़ गया। इस बात से नाराज दुकानदार ने फोटो ग्राफर के साथ मारपीट कर दी। बदले में फोटो ग्राफर ने भी दुकानदार पर हमला कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने दोनों ओर से उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के अनुसार करबला रोड कोहेफिजा निवासी विजय सिंह परिहार (52) नगर निगम में फोटोग्राफर हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने शिकायत की थी कि अंसार खान उर्फ जाहिद ने नगर निगम की पार्किंग के स्थान पर दुकान खोल रखी है। 20 नवंबर की दोपहर करीब 1 बजे नगर निगम भोपाल का अतिक्रमण दल करबला रोड पर आया और अंसार खान की दुकान अतिक्रमण के स्थान से हटा दी। करीब 1 घंटे बाद वह दौबारा डेंटिंग-पेंटिंग का काम करने लगा। उसी दौरान विजय परिहार का बेटा घूमता हुआ अंसार की दुकान के पास चला गया। अंसार ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि तेरे बाप की शिकायत पर मेरी दुकान नगर निगम ने हटा दी। शोर सुनकर विजय और उनकी पत्नी भी वहां पहुंच गए। गाली-गलौज का विरोध करने पर विवाद बड़ गया। इस पर अंसार ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर विजय सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उनकी पत्नी व बेटे के साथ भी मारपीट की है। विजय सिंह के हाथ, उनकी पत्नी के सिर में चोट आई है, वहीं बेटे रौनक के हाथ-पैर में चोट आई है।



### दुकान में डेंटिंग-पेंटिंग को लेकर होने लगा था विवाद

साजिदा नगर निवासी अंसार खान (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि करबला रोड पर वह डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता है। नगर निगम के फोटोग्राफर विजय परिहार ने उसकी दुकान के बारे में शिकायत की थी। शिकायत के चलते 20 नवंबर की दोपहर नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान का शेड हटा दिया। कुछ देर बाद विजय परिहार अपनी पत्नी निशा के साथ आए और बोले के तुमने दौबारा डेंटिंग-पेंटिंग का काम शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर दंपती ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर विजय परिहार ने डंडे से हमला कर दिया, जबकि उसके बेटे ने सिर पर पत्थर मारा था। पत्थर लगने से सिर से खून बहने लगा जबकि कंधे पर भी चोट आई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022